शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील
वर्ष : 11 | अंक : 298 | गुवाहाटी | रविवार, 1 जून, 2025 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कोलकाता समेत देश के कई हिस्सों में एनआईए की छापेमारी पेज 2
कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी, बांग्लादेशी प्रेम का नया प्रमाण : असम बीजेपी पेज 3
मोदी के नेतृत्व में देश में बदल चुकी है पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस की... पेज 5
भरत अरुण श्रीलंका में चलाएंगे तेज गेंदबाजों के लिए दो हफ्ते ... पेज 7

door graphy Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*चोर और राज कर्मचारियों से धन की रक्षा करनी चाहिए।*
– आचार्य चाणक्य

## न्यूज गैलरी

### पूर्वोत्तर में निवेश बढ़ाने के लिए बनी टास्क फोर्स : माणिक साहा

**अगरतला।** पूर्वोत्तर में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई उच्चस्तरीय टास्क फोर्स सितंबर तक अपनी रिपोर्ट उत्तर-पूर्व परिषद (एनईसी) को सौंपेगी। इस बात की जानकारी त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शनिवार को दी। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की रणनीति तैयार करेगी। बता दें कि यह टास्क फोर्स मार्च 2024 में पूर्वोत्तर -शेष पृष्ठ दो पर

### नाइजीरिया में बाढ़ से भारी तबाही, मोक्वा में 151 लोगों की मौत

**अबुजा (हि.स.)।** पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजीरिया के उत्तरी नाइजरी राज्य में बाढ़ से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। अकेले मोक्वा में इस आपदा में कम से कम 150 लोग मारे गए। भारी बारिश से हालात मुश्किल हो गए हैं। शनिवार सुबह 9 बजे तक 151 शव बरामद किए गए हैं। इनमें कई बच्चों के शव भी शामिल हैं। सीएनएन की खबर के अनुसार राज्य की आपातकालीन -शेष पृष्ठ दो पर

# भूस्खलन और बारिश से पूर्वोत्तर में तबाही

## *अब तक 19 की मौत; 12 हजार से अधिक लोग प्रभावित*



**गुवाहाटी/इंफाल/अगरतला/इटानगर/एजल।** जहां देश का एक हिस्सा इस वक्त गर्मी की मार झेल रहा है, तो वहीं पूर्वोत्तर में बारिश कहर बनकर बरपी है। मिजोरम, असम और मणिपुर से लेकर त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश तक चारों ओर तबाही का मंजर है। बारिश कहीं लैंड स्लाइड लेकर आई, तो कहीं फ्लैश फ्लड का कारण बनी। अब तक इन घटनाओं में 19 लोगों की मौत की खबर है। पूर्वोत्तर में 12 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और दर्जनों लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। आने वाले दिनों में भी प्रकृति का कहर थमने की कोई उम्मीद दिखलाई नहीं पड़ती। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए भयंकर बारिश का अलर्ट जारी किया है। पूर्वोत्तर के राज्यों में कई घर बारिश में तबाह हो गए हैं, सड़कें बह गई हैं और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। प्रशासन बचाव अभियान में जुटा है, लेकिन लगातार हो रही बारिश से उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। दक्षिणी मिजोरम के लॉन्टलाई शहर में लैंड स्लाइडिंग की वजह से 8 लोगों के फंसे होने की आशंका है। मिजोरम में एक व्यक्ति के मौत की भी खबर है। वहीं असम के कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले में बीते 3 दिन से हो रही बारिश से 5 लोगों की मौत हो गई। गुवाहाटी और सिलचर समेत कई शहरों में हजारों की संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। लखीमपुर में बांध टूटने की वजह से एक बड़ा इलाका पानी में समा गया। अरुणाचल प्रदेश में भी भूस्खलन से 9 लोगों की जान चली गई है। राज्य के कई हिस्से बाढ़ का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि एनएच 13 पर अचानक हुए भूस्खलन से एक वाहन बह गया और उसमें सवार 7 लोगों की मौत हो गई। सरकार ने लोगों से रात में यात्रा न करने का आग्रह किया है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिला के बाना-सेप्पा सड़क पर हुए दुखद हादसे में सभी सात शवों को शनिवार बरामद कर लिया गया। यह दुर्घटना शुक्रवार की देर शाम एक कार के भूस्खलन में बह जाने और गहरी खाई में गिर जाने से एक गर्भवती महिला और दो बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। -शेष पृष्ठ दो पर

### गुवाहाटी में भूस्खलन, एक महिला एवं दो बच्चियों समेत तीन की मौत

**गुवाहाटी (हि.स.)।** गुवाहाटी के बोंदा इलाके में लगातार हो रही बरसात के चलते हुए भूस्खलन के कारण एक महिला और दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पिछले तीन दिनों से गुवाहाटी और उसके आसपास के इलाके में हो रही बरसात की वजह से बोंदा के पहाड़ पर भूस्खलन हुआ, जिसकी वजह से एक महिला पूनम गोस्वामी, उसकी बेटी मीनाक्षी गोस्वामी और भांजी रंजीता बोड़ो की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस -शेष पृष्ठ दो पर

### जयंत मल्लाबरुआ ने गुवाहाटी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया



**गुवाहाटी।** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री जयंत मल्लाबरुआ ने आज गुवाहाटी में बाढ़ प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया, ताकि मौजूदा स्थिति का आकलन किया जा सके और सरकार के आपातकालीन प्रतिक्रिया उपायों की समीक्षा की जा सके। अपने निरीक्षण के दौरान, मंत्री ने जूरीपार, राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वशिष्ठ चारियाली से बालूघाट तक जलमग्न क्षेत्र, एक्सेल केयर अस्पताल के पास का क्षेत्र, पांडु मंदिर घाट, कामाख्या तलहटी, बी. बरुआ रोड, जी.एस. रोड, आमबारी में अगप कार्यालय के पीछे का क्षेत्र, पिबको पॉइंट, रुक्मिणीगांव, रुक्मिणीनगर और अन्य सहित कई महत्वपूर्ण स्थलों का -शेष पृष्ठ दो पर

## बारिश : राष्ट्रीय राजमार्ग 17 और 37 के ऊपर बह रहा पानी



**गोलाघाट/लखीमपुर (हि.स.)।** पिछले दो दिनों से राज्य में हो रही मूसलाधार बारिश के परिणामस्वरूप बोकाखात में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के ऊपर से पानी बह रहा है। बोकाखात के लताबारी के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के ऊपर से बेहद तेज गति से पानी बह रहा है। दूसरी ओर उपरी असम के लखीमपुर जिले में वर्ष की पहली बाढ़ का तांडव देखा जा रहा है। लखीमपुर में रंगानदी का पानी कई गांवों में प्रवेश कर गया है। डिफलू नदी के पानी में उफान आने के कारण इस प्रकार पानी का बहाव राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर बह रहा है। इस बीच देखा जा रहा है कि कई स्थानों पर पक्का रास्ता टूट कर पानी बह गया है। साथ ही मूसलधार बारिश के कारण बोकाखात के विभिन्न क्षेत्रों के घरों में पानी घुस गया है। कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ भी उखड़ गए हैं। बोकाखात के -शेष पृष्ठ दो पर

## 1,600 करोड़ खर्च होने के बाद भी असम एनआरसी अधर में, आसू ने दोबारा सत्यापन की मांग की




**गुवाहाटी।** 1,600 करोड़ रुपए से ज़्यादा का खर्च, सैकड़ों अधिकारियों और जवानों के साथ-साथ हजारों डेटा एंट्री ऑपरेटरों की सालों की मेहनत - और नतीजा? आज की तारीख में एक बड़ा शून्य। यह असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की कहानी है। एनआरसी तैयार करने का फैसला 2005 में लिया गया था और आखिरकार 2013 में एनआरसी के राज्य समन्वयक की नियुक्ति की गई और औपचारिक काम शुरू हुआ। कई सालों की कड़ी मेहनत के बाद, 31 अगस्त, 2019 को अंतिम एनआरसी प्रकाशित की गई, जिसमें 19 लाख लोगों के आवेदन खारिज कर दिए गए, जो अपनी राष्ट्रीयता का पर्याप्त सबूत देने में विफल रहे। लेकिन सारी मेहनत बेकार गई क्योंकि एनआरसी अभी तक लागू नहीं हुई है और कोई भी निश्चित नहीं है कि सरकार ने इसे स्वीकार किया है या नहीं। ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) का मानना है कि एनआरसी में संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों के नाम शामिल हैं और इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। आसू ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा भी पेश किया है। लेकिन कोर्ट ने अभी तक इस मामले की सुनवाई नहीं की है। इस मुद्दे पर बात करते हुए आसू के अध्यक्ष उत्पल शर्मा ने कहा कि हालांकि राज्य -शेष पृष्ठ दो पर

*अवैध बांग्लादेशियों पर एक्शन*

## सुप्रीम कोर्ट में असम सरकार के खिलाफ याचिका दायर



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि असम सरकार ने विदेशी होने के संदेह में लोगों को बिना कानूनी प्रक्रिया पूरी किए जबरन हिरासत में लेना और सीमा पार भेजना शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई बिना नागरिकता की पुष्टि या न्यायिक आदेश के की जा रही है। यह याचिका ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन ने अधिवक्ता अदील अहमद के माध्यम से दाखिल की है। इस याचिका में 4 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से दिए गए आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें कोर्ट ने असम सरकार को 63 घोषित विदेशियों को दो हफ्तों के भीतर उनके देश वापस भेजने को कहा था, जिनकी नागरिकता पहले से तय थी। लेकिन -शेष पृष्ठ दो पर

## वापस घर लौटे बांग्लादेश भेजे गए पूर्व शिक्षक खैरुल इस्लाम



**मोरिगांव।** असम के मोरिगांव जिले में एक पूर्व स्कूल शिक्षक खैरुल इस्लाम शनिवार को अपने घर लौट आए। उन्हें विदेशी होने के आरोप में असम पुलिस ने हिरासत में लिया था। उनके परिवार के लोगों ने दावा किया था कि उन्हें बांग्लादेश भेज दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि खैरुल इस्लाम समेत नौ लोगों को 24 मई को जिले के विभिन्न हिस्सों से हिरासत में लिया गया था, लेकिन उनके परिवार वालों का दावा था कि उन्हें उनके ठिकाने की कोई जानकारी नहीं दी गई। खैरुल के परिवार ने दावा किया था कि उन्होंने एक वीडियो -शेष पृष्ठ दो पर

## दिल्ली से जोरहाट के लिए नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू करेगी इंडिगो : सीएम




**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को नई दिल्ली में इंडिगो नेतृत्व के साथ बैठक के बाद राज्य की हवाई कनेक्टिविटी में एक बड़ी प्रगति की घोषणा की। सीएम के अनुसार, एयरलाइन ने असम के प्रमुख स्थानों, जोरहाट, सिलचर, डिब्रूगढ़ और उत्तरी लखीमपुर में अपने उड़ान नेटवर्क का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की। एक्स पर कई पोस्टों में सीएम शर्मा ने पुष्टि की कि इंडिगो ने उनके प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और कई नए और पुनर्गठित मार्गों की रूपरेखा बताई है जो जल्द ही क्षेत्र के यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगे। असम के सीएम ने कहा कि सितंबर 2025 से नई दिल्ली-जोरहाट सीधी उड़ान- असम में हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए उनके रोडमैप पर चर्चा करने के लिए नई दिल्ली में इंडिगो के नेतृत्व से मिलना खुशी की बात थी। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इंडिगो सितंबर 2025 के मध्य -शेष पृष्ठ दो पर

## देश में तेजी से पैर पसार रहा कोरोना एक्टिव केस 3300 के पार



**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस तेजी से पांव पसार रहा है। देश भर में पिछले 24 घंटों में 685 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसके बाद देश में एक्टिव कोविड 19 मामलों की संख्या 3395 हो गई है। वहीं, गत 24 घंटों में कुल 4 लोगों की कोरोना संक्रमण के कारण मौत हुई है। बता दें कि पिछले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक और केरल में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण एक-एक लोगों की जान गई है। देश के 8 राज्यों में पिछले 24 घंटों में कुल 100 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। तेजी से फैल रहे इस संक्रमण ने लोगों को चिंतित कर दिया है। वहीं, संक्रमण का सफलतापूर्वक इलाज कराने के बाद करीब 1435 लोगों को छुट्टी दे दी गई है। -शेष पृष्ठ दो पर

*सीडीएस ने पहली बार माना*

## ऑपरेशन सिंदूर में गिरे भारत के फाइटर जेट



**नई दिल्ली (हि.स.)।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पहली बार एक इंटरव्यू में ऑपरेशन *सिंदूर* के दौरान भारत के फाइटर जेट गिरने की बात मानी है। हालांकि, उन्होंने संख्या को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है, लेकिन उन्होंने कहा कि यह अहम नहीं है कि जेट गिरे, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि क्यों गिरे। उन्होंने यह भी कहा कि विमानों ने दो दिन बाद फिर से उड़ान भरी और बिना किसी नुकसान के पाकिस्तान के 300 किलोमीटर अंदर जैकबाबाद नूर खान एयरबेस और मुरीद जैसे ठिकानों पर हमला किया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान इस समय सिंगापुर में शांगरी-ला वार्ता के लिए गए हैं। उन्होंने सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले और प्रतिनियुक्ति पर आए भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत की। सीडीएस को भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय संबंधों और आगामी वार्ता में भाग लेने वाले देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वह दुनिया भर के रक्षा मंत्रियों, सैन्य प्रमुखों, नीति निर्माताओं और रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ साझा हितों के क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान सीडीएस ने अपनी वार्ताओं के दौरान पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के -शेष पृष्ठ दो पर

## कई मुश्किलें पार कर कामाख्या मंदिर पहुंचीं उर्मिला



**गुवाहाटी।** अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर शनिवार को असम राज्य में स्थित कामाख्या मंदिर पहुंचीं, जहां की तस्वीरें उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर साझा कीं हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस भक्ति में लीन दिखाई पड़ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि दुर्गम रास्ते और खराब मौसम के बावजूद वो दर्शन करने पहुंची। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इसमें उन्होंने मां कामाख्या मंदिर के दर्शन करते हुए अद्भुत पलों को साझा किया है। शेयर की गई एक तस्वीर में अभिनेत्री माथे पर तिलक लगाए बेहद सकारात्मक और अभिभूत नजर आ रही हैं। इसके अलावा एक और तस्वीर में एक्ट्रेस हाथों में माता -शेष पृष्ठ दो पर

## अवैध रूप से तेल बेचते टैंकर जब्त

**लखीमपुर ( हिंस )।** लखीमपुर जिले में चोरी के पेट्रोल और डीजल की तस्करी का धंधा इन दिनों जारी है। शनिवार की सुबह एक तेल भर्ती टैंकर को स्थानीय लोगों की मदद से चाउलधोआ पुलिस ने जब्त कर लिया। चाउलधोआ के एक पत्थर क्वेरी के क्रसर को अवैध रूप से तेल भरते समय टैंकर को जब्त किया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया है कि लंबे समय से एक गिरोह द्वारा विभिन्न व्यक्तिगत उद्यमों को चोरी का तेल सप्लाई किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखीमपुर जिले के बगीनदी के एक पेट्रोल पंप से अवैध तरीके से तेल बेचने के लिए टैंकर (एएस-12सीसी-0939) लाया गया था। टैंकर को जब्त करने के बाद चाउलधोआ पुलिस ने चोरी के तेल गिरोह के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए है।

# कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी, बांग्लादेशी प्रेम का नया प्रमाण : असम बीजेपी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सीमावर्ती इलाकों के मूल निवासियों को आत्मरक्षा के लिए जरूरत के अनुसार हथियार लाइसेंस देने और विदेशी न्यायाधिकरण द्वारा विदेशी घोषित किए गए बांग्लादेशियों को निर्वासित करने के सरकार के निर्णय की आलोचना करने वाले कांग्रेस नेताओं गौरव गोगोई और रकीबुल हुसैन पर असम प्रदेश भाजपा ने तीखा प्रहार किया है। राज्य भाजपा के मुख्य प्रवक्ता मनोज बरुवा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि असम के मूल निवासियों और भारतीय मूल के लोगों की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस हमेशा असंवेदनशील रही है। गौरव गोगोई और रकीबुल हुसैन जैसे नेताओं के हालिया बयान इस बात का पुनः प्रमाण हैं कि कांग्रेस जैसे ही मूल निवासियों की सुरक्षा की बात आती है, घबरा जाती है। भाजपा ने आरोप लगाया कि जब-जब सरकार खिलंजिया (मूल निवासी) लोगों की सुरक्षा के लिए कदम उठाती है, कांग्रेस उसे अपने तुष्टिकरण की राजनीति पर चोट मानती



है। बरुवा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही खिलंजिया विरोधी रहा है। मुस्लिम लीग के नेता सैयद सादुल्लाह की राजनीति को आजादी के बाद कांग्रेस ने ही आगे बढ़ाया। केवल वोट बैंक के लिए कांग्रेस ने वर्षों तक असम के मूल निवासियों के आत्मसम्मान को कुचला है। बरुवा ने कहा कि भाषा आंदोलन, माध्यम आंदोलन और असम आंदोलन में कांग्रेस सरकार की भूमिका को जनता कभी नहीं भूलेगी। कांग्रेस की यह जाति-विरोधी भूमिका इतिहास के पन्नों पर एक अमिट कलंक है। कहा कि सीमावर्ती इलाकों के मूल निवासियों को हथियार लाइसेंस आत्मसुरक्षा के लिए जरूरी है और इसका महत्व केवल वही लोग समझ सकते हैं जो इस संकट से सीधे प्रभावित हैं। जबकि कांग्रेस नेता केवल वोट बैंक की राजनीति के चलते आंख मूंद लेते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो बांग्लादेशी विदेशी न्यायाधिकरण द्वारा विदेशी घोषित किए गए हैं और जिन्होंने हाईकोर्ट में अपील नहीं की है, उन्हें निष्कासित करना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है- यह बात मुख्यमंत्री बार-बार स्पष्ट कर चुके हैं। फिर भी रकीबुल हुसैन जैसे नेता इस मुद्दे को लेकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। बरुवा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह बांग्लादेशियों के रक्षक की भूमिका में उतर आई है और यह असम की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। भाजपा ने कहा कि समय आने पर जनता कांग्रेस को उचित जवाब देगी।

# धुबड़ी में अंगनबाड़ी कर्मियों को मोबाइल वितरित

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी जिला पुस्तकालय के सभागार में शनिवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में जिले की अंगनबाड़ी कर्मियों को उन्नत गुणवत्ता वाले मोबाइल फोन वितरित किए गए। यह वितरण समारोह धुबड़ी जिले के संरक्षक मंत्री एवं पंचायत, ग्रामीण विकास व पर्यटन मंत्री रंजीत कुमार दास की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर धुबुड़ी जिला उपायुक्त दिवाकर नाथ, गोलकगंज के पूर्व विधायक अश्विनी राय सरकार, धुबड़ी-गौरीपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष देवजीत कुमार साहा, नगर परिषद अध्यक्ष देवमय सान्याल, अतिरिक्त उपायुक्त शांतना बोरा सहित विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में अंगनबाड़ी कर्मी मौजूद थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री रंजीत कुमार दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को निःशुल्क बैंक खाते, बेघरों को



आवास, किसानों को उपज का सही मूल्य और बच्चों के लिए उन्नत अंगनबाड़ी केंद्र प्रदान कर भारत को आगे बढ़ाया जा रहा है। अपने संबोधन में उपायुक्त दिवाकर नाथ ने कहा कि वर्ष 2018 से शुरू की गई *पोषण अभियान* योजना ने देश में कुपोषण को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 2135 अंगनबाड़ी केंद्र हैं, जहां 2067 कर्मी और 1696 सहायिकाएं कार्यरत हैं। इस अभियान के अंतर्गत हर माह गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, 0-6 वर्ष के बच्चे और किशोरी बालिकाएं सहित लगभग 2.35 लाख लाभार्थी विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि मोबाइल फोन वितरण का उद्देश्य कार्यदक्षता और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि *पोषण ट्रैकर ऐप* एक डिजिटल निगरानी उपकरण है, जो गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोरियों से संबंधित वास्तविक समय का डेटा संग्रह, पूरक पोषण वितरण और जीपीएस रिकॉर्डिंग में मदद करता है। इस हेतु ही कर्मियों को मोबाइल प्रदान किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने औपचारिक रूप से अंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच मोबाइल फोन वितरित किए।

# भारी जल जमाव के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोराबाट हुआ कीचड़मय



**गुवाहाटी ( हिंस )।** राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित जोराबाट में भारी जल जमाव के बाद आज राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर कीचड़मय परिवेश उत्पन्न हो गया है। जोराबाट मेघालय और उपरी असम और गुवाहाटी को जोड़ने वाला बेहद महत्वपूर्ण स्थान है। मेघालय के पहाड़ों की ढलान से आए पानी के साथ लाल मिट्टी जोराबाट ओवर ब्रिज के नीचे गुवाहाटी से नगांव की दिशा में जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 27 और पूर्व में मेघालय की राजधानी शिलांग को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 6 पर भारी मात्रा में जमा हो गया है। राजमार्ग में 2 फुट तक कीचड़ जमा हो गया है। सड़क के एक हिस्से से वाहन चल रहे हैं, जबकि दूसरा हिस्सा बंद होने के कारण पैदल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ की वजह से स्थानीय व्यापारिक संस्थानों के सामने भी काफी समस्याएं उत्पन्न हो गयी हैं। गुरुवार और शुक्रवार को मूसलाधार बरसात के बाद जोराबाट में भारी जल जमाव के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाव चलाने की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। बाद में पानी उतरने से पूरे इलाके में कीचड़मय वातावरण बन गया। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से लाल मिट्टी को साफ कर जल्द से जल्द राष्ट्रीय राजमार्ग को खोलने की मांग की है। जोराबाट में जब राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेने के बनाया गया, उसके बाद से ही जोराबाट तीनाली पर हर साल बरसात के समय भारी जल जमाव होता है। लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में सही तकनीक का उपयोग नहीं हुआ, जिसके चलते यह स्थिति पैदा हुई है। सड़क के दोनों किनारों पर बनाए गए नाले वैज्ञानिक आधार पर सही नहीं है। लोगों के साथ ही दुकानदारों ने प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान करने की अपील की है।

## लगातार बारिश से मालीगांव केंद्रीय अस्पताल में पहुंचा कछुआ



**गुवाहाटी ( हिंस )।** राजधानी में पिछले तीन दिनों से हो रही बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस बीच शुक्रवार सुबह से जारी भारी बारिश के कारण मालीगांव क्षेत्र में जल भराव से कृत्रिम बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो ई। बारिश का पानी नालों और नदियों से उफनकर शहर के विभिन्न इलाकों में भर गया। इसी दौरान एक कछुआ बहकर मालीगांव केंद्रीय चिकित्सालय के नाले में पहुंच गया। अस्पताल के कर्मचारियों ने कछुए को नाले में तैरते देखा और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के कुछ देर बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कछुए को सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद कछुए को ब्रह्मपुत्र नद में छोड़ दिया गया। यह घटना न केवल पर्यावरण संतुलन की नाजुकता को दर्शाती है, बल्कि लगातार बारिश और जल निकासी की समस्याओं की ओर भी ध्यान दिलाती है। मालीगांव व आसपास के क्षेत्रों में जलभराव से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, जिससे प्रशासन की तैयारी पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# पानी के बीच गर्ल्स हॉस्टल में फंसी 20 लड़कियों को असम पुलिस ने पहुंचाई मदद

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पिछले तीन-चार दिनों से मूसलाधार बारिश के चलते राजधानी गुवाहाटी की स्थिति बेहद भयावह हो गयी है। भारी बारिश के चलते गुवाहाटी के अधिकांश हिस्सों में जल जमाव की स्थिति देखी जा रही है। कुछ इलाकों में रबर की नाव भी राहत पहुंचाने के लिए चलानी पड़ी। शनिवार को राजधानी के उलुबारी, बोरा सर्विस के कंचन पथ स्थित मकान नंबर 10 में चल रहे गर्ल्स हॉस्टल में 20 लड़कियां रह रही हैं। गर्ल्स हॉस्टल प्रमुख ज्योति कमल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि हॉस्टल में 20 लड़कियां बिना पानी ओर भोजन के फंसी हुई हैं। कृपया इनकी मदद करें। उन्होंने पोस्ट में मुख्यमंत्री, मंत्री, असम पुलिस के डीजीपी और एनडीआरएफ को टैग किया। पोस्ट के वायरल होते ही असम पुलिस की यातायात शाखा की एक टीम शनिवार सुबह बाढ़ के पानी से घिरे हॉस्टल में पहुंचकर पानी और भोजन की सामग्री उपलब्ध करायी। इस तरह की स्थिति राजधानी के अन्य कई इलाकों में भी देखी जा रही है। घरों में पांच-पांच फुट तक पानी प्रवेश करने के चलते लोगों कों भारी परेशानी हो रही है। बीती



रात को भी रुक्मिणीगांव और अनिल नगर में एनडीआरएफ तथा अन्य इलाकों में एसडीआरएफ एवं असम पुलिस के कर्मी लोगों को राहत पहुंचाते देखे गए।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता सभा आयोजित



**होजाई ( निसं )।** होजाई साहित्य सभा के बैनरतले और नीलबागान साहित्य सभा के सहयोग से आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस का पालन किया गया। कार्यक्रमा का आयोजन नीलबागान आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला साहित्य सभा के अध्यक्ष पद्माकांत बोरा ने किया। वही कार्यक्रम की उद्देश्य की व्याख्या सचिव अच्यूत कुमार ठाकुरिया ने की। नीलबागान आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष फैज मोहम्मद बरभुइयां ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के बारे में विस्तार से बताया। सभा में लंका महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार हुसैन। होजाई जिला साहित्य सभा के संयुक्त सचिव प्रताप बरुवा व शदीकुज जमान, प्रकाशन सचिव पुष्प बोरा, नीलबागान साहित्य सभा के अध्यक्ष शाहनवाज हुसैन व सचिव बासित आलम चौधरी सहित कई विशिष्ट जन उपस्थित थे। जागरूकता कार्यक्रम में सैकड़ों की तादाद में विद्यार्थियों ने अंश ग्रहण किया।

## सड़क पर स्टंट के आरोप में छह गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी महानगर की यातायात पुलिस ने दो कारों पर स्टंट करने के आरोप में 6 युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया है कि गुवाहाटी ट्रैफिक की एक टीम ने ब्रह्मपुत्र के पास एलिवेटेड कॉरिडोर ब्रिज पर चलती कार के ऊपर खतरनाक स्टंट करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कृत्य, सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी। चलती कर पर स्टंट करने के आरोप में पुलिस ने 6 युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान धारापुर के मोहम्मद पिंकू अली (22) और गारीगांव के मोहम्मद आकिब जावेद (21), मोहम्मद रियाज अहमद (20), मोहम्मद आशिक अली (25), मोहम्मद आकिब अली (21) और मोहम्मद साहिद अली (20) के रूप में हुई है।

# बंगाईगांव : अभामामस की बंगाईगांव शाखा ने बच्चों के लिए निःशुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया




**बिजनी।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन बंगाईगांव द्वारा स्थानीय बालाजी हिन्दी एलपी स्कूल में 30 मई शुक्रवार को एक निःशुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य प्रभावित बच्चों को दंत स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना और दंत चिकित्सा संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी प्रदान करना था। उक्त कैंप में बंगाईगांव के अनुभवी दंत चिकित्सक डॉ. कांता वर्मा देव ने भाग लिया और उन्होंने स्कूली बच्चों को उनके दांतों की जांच की और उन्हें दंत स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बेहतर तरीके से बताया। इस दौरान ज़्यादातर बच्चों के दांतों और मसूड़ों में काफी सारी प्रोब्लेम्स देखी गई। 55 बच्चों में से सिर्फ 9 बच्चे जिनके दांत पूरी तरीके से स्वस्थ दिखाई दिए। कार्यक्रम में डॉक्टर कांता ने सभी बच्चों को दांतों की सफाई दांतों को कैसे मजबूत और स्वस्थ रखें, किन चीजों से परहेज रखें इसके बारे में विस्तार से जानकारियां प्रदान की गई। इस दौरान महिला सम्मेलन के सदस्याओं द्वारा सभी बच्चों को एक एक टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट प्रदान किया गया। साथ ही शीतल शरबत पिलाकर बच्चों का जोश बढ़ाया। बच्चों ने भी एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत करके अपने आतिथ्य को दर्शाया। इस दौरान मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्षा सरोज हरलालका ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन बंगाईगांव द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज यादव ने सम्मेलन की अध्यक्षा सरोज हरलालका सहित सभी सदस्यों की सराहना करते हुए आगे भी ऐसा सहयोग जारी रखने का आह्वान किया। अंत में सचिव नीतू टूवानी ने उपस्थित जनों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पाकिस्तान समर्थकों पर असम पुलिस की कार्रवाई अब तक 79 गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे माहौल के बीच सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में असम पुलिस बेहद कड़ा रूख अपनाए हुए है। इस कड़ी में पाकिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों से कुल 79 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया है कि शत्रु देश के प्रति सहानुभूति और समर्थन करने जैसे राजद्रोहियों के विरुद्ध असम पुलिस का अभियान जारी है। इस कड़ी में दरंग पुलिस ने जिला मुख्यालय शहर मंगलदोई से फरीजुल हक को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। इस मामले में अब तक पुलिस ने कुल 79 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## एनआईए ने एक युवक एवं उसके पिता व बहन को किया गिरफ्तार

**कामरूप ( हिंस )।** जिले के रेशम नगरी के रूप में विख्यात सुवालकुची से शनिवार तड़के असम पुलिस की सहायता से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अभियान चलाया। अभियान सुवालकुची के बसंतपुर में चलाया गया। इस दौरान पिता-बहन सहित एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान हिरक कलिता के रूप में की गयी है। वहीं पिता की शिनाख्त निरेन कलिता और बहन का नाम रूपाली कलिता बताया गया है। शनिवार तड़के 3 बजे से सुबह 5 बजे तक असम पुलिस और एनआईए ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान जांच एजेंसी ने परिवार के 4 मोबाइल फोन तथा घरेलू दस्तावेज जब्त किए हैं। निरेन कलिता पेशे से एक राजमिस्त्री हैं। दूसरी ओर, युवक ई-रिक्शा चालक है। एनआईए ने क्यों अभियान चलाकर युवक तथा उसके पिता और बहन को गिरफ्तार किया है, यह अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है।

# अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने किया सोल एस्थेटिक्स एंड एकेडमी का शुभारंभ

**गुवाहाटी।** महानगर के उलुबाड़ी के कछारी बस्ती स्थित फोर्ट कॉम्प्लेक्स के 5वें तल्ले पर बने सोल एस्थेटिक्स एंड एकेडमी ने अपने अत्याधुनिक एस्थेटिक्स एंड वेलनेस क्लिनिक का शुभारंभ किया। इस क्लिनिक का उद्घाटन बॉलीवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने किया। इस मौके पर उद्यमी विकास अग्रवाल व प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. नम्रता अग्रवाल सहित अन्य कई गणमान्य मौजूद थे। अपने संबोधन में अभिनेत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि गुवाहाटी में सोल एस्थेटिक्स एंड एकेडमी का उद्घाटन किया गया, जो त्वचा की देखभाल और बालों तथा सेहत से परे जाकर समस्याओं के समाधान के लिए एक 360 डिग्री क्लिनिक है। एक ही छत के नीचे और डॉक्टरों की विशेषज्ञता के साथ सब कुछ उपलब्ध कराने का उनका विचार इस बात को दर्शाता है कि वे किस तरह की सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्लिनिक का निरीक्षण करने के



बाद मुझे विश्वास है कि असम ही नहीं बल्कि समूचे पूर्वोत्तर के लोग लाभान्वित होंगे। अभीनेत्री ने संस्थापक विकास अग्रवाल और प्रतिष्ठित विशेषज्ञ के सह-स्वामित्व डॉ. नम्रता अग्रवाल को सुंदरता और आत्मविश्वास की इस यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उद्यमी विकास अग्रवाल द्वारा स्थापित और प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. नम्रता अग्रवाल के सह-स्वामित्व वाला यह क्लिनिक पूर्वोत्तर भारत में सौंदर्य, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। इस दौरान उर्मीला अपने सबसे बेहतरीन रूप में थीं और ज्वेल्स ऑफ गुवाहाटी के सर्वश्रेष्ठ आभूषण एटेलियर, हर्षिता द्वारा आभूषण हाउस से सुसज्जित थीं। सोल एस्थेटिक्स एंड एकेडमी अत्याधुनिक सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें एस्थेटिक्स और वेलनेस उपचार, हेयर रिस्टोरेशन, डॉ. दीपांजलि ब्रहमा और वेट मैनेजमेंट डाइटीशियन डॉ. इंद्राणी दत्ता की अध्यक्षता में प्लास्टिक सर्जरी, क्रायोथेरेपी, हाइड्रोजन थेरेपी और विशेष 15 स्टेप्स कोरियन स्कैल्प थेरेपी शामिल हैं। व्यक्तिगत देखभाल के साथ उन्नत तकनीक को मिलाकर, क्लिनिक ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ दिखने और महसूस करने के लिए सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। विकास अग्रवाल ने कहा, हमारा मिशन नवाचार, विशेषज्ञता और समग्र कल्याण को मिलाकर सौंदर्यशास्त्र को फिर से परिभाषित करना है। डॉ. नम्रता अग्रवाल ने कहा, हमारा लक्ष्य प्रत्येक ग्राहक की अनूठी जरूरतों के अनुरूप परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान करना है। क्लिनिक में महत्वाकांक्षी पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिए एक अकादमी भी है, जो सौंदर्यशास्त्र उद्योग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देती है। उज्ज्वल आत्मविश्वास की अपनी यात्रा शुरू करने के लिए सोल एस्थेटिक्स एंड एकेडमी पर जाएं।

# मारवाड़ी सम्मेलन, बंगाईगांव ने ऑपरेशन सिंदूर के वीर जवान को किया सम्मानित

**बंगाईगांव।** शनिवार को बंगाईगांव जिले के विद्यापुर निवासी सीमा सुरक्षा बल के जवान दीपेश्वर बर्मन का मारवाड़ी सम्मेलन, बंगाईगांव शाखा द्वारा उनके अद्भुत साहस के लिए हार्दिक अभिनंदन किया गया। दीपेश्वर बर्मन ने हाल ही में पाकिस्तान के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत आर एस सेक्टर में पाकिस्तान के एक ड्रोन को क्षतिग्रस्त करते हुए मार गिराया था। इस ऑपरेशन के दौरान उनके शरीर में भी मोरटार के दो तीन छल्ले आकर लगे तथा खुद घायल अवस्था में होने के बावजूद अपने घायल साथी जवानों को प्राथमिक उपचार के साथ अस्पताल तक पहुंचाया। भारत माता के इस वीर सपूत को उनके इस वीरता तथा साहसी कार्य को देखते हुए तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बताते हुए सम्मेलन के सदस्यों ने उन्हें फूलोम गमछा, चुनड़ी एंव माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार सुराणा ने दीपेश्वर बर्मन तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार हरलालका ने उपस्थित उनकी धर्मपत्नी तथा अन्य पारिवारिक सदस्यों को भी सम्मानित किया। श्री दीपेश्वर बर्मन ने उस घटना के बारे में उपस्थित सभी सदस्यों के सामने घटना के बारे में विस्तार से बताया तथा किस तरह उन्होंने पाकिस्तानी ड्रोन को क्षतिग्रस्त करने में अपनी भूमिका निभाई। इस अवसर पर



उपस्थित सम्मेलन के सभी सदस्यों ने वीर सपूत को उनकी वीरता के लिए नमन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आशा व्यक्त की कि भविष्य में यह वीर जवान भारत माता की रक्षा करने में सदा आगे रहेगा। इस अवसर पर सम्मेलन की तरफ से अध्यक्ष अनिल कुमार सुराना सचिव राजकुमार कोठारी, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार जैन के अलावा प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार हरलालका, अखय चंद बैद, राजेश अग्रवाला, महेश कुमार अग्रवाल, गोपाल हरलालका, रामअवतार पारीक, विनीत सुरेका, अमित हरलालका उपस्थित थे। इस अवसर पर सम्मेलन सदस्यों ने परिवार के लिए फल एवं मिठाई की भी व्यवस्था की थी। श्री दीपेश्वर बर्मन ने सम्मेलन द्वारा किए गए सम्मान के लिए धन्यवाद दिया।

संपादकीय

# वायुसेना प्रमुख की चिंता

**भारत** के वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने सार्वजनिक मंच से रक्षा-सौदों की लेटलतीफी पर चिंता जताई है, तो यह कोई सामान्य टिप्पणी या सरोकार नहीं है। सीआईआई के बिजनेस समिट में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऐसा कोई रक्षा प्रोजेक्ट नहीं है, जो तय समय पर पूरा हुआ हो। जब रक्षा सौदों के करार पर दस्तखत किए जाते हैं, तब जानकारी होती है कि यह प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होगा, लेकिन फिर भी हस्ताक्षर कर दिए जाते हैं। यहीं से पूरी प्रक्रिया बिगड़ जाती है। एयर चीफ मार्शल ने यहां तक संकेत दिए हैं कि इसी से युद्ध की तैयारियां प्रभावित होती हैं। वायुसेना प्रमुख ने यह खुलासा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह की उपस्थिति में किया है, जाहिर है कि यह चिंता एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री और वायुसेना प्रमुख की रूबरू मुलाकातें भी होती रही हैं। उनमें भी यह मुद्दा उठा होगा। हमारी वायुसेना लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर और अन्य रक्षा-उपकरणों का संकट और समयहीनता उस परिदृश्य में झेल रही है, जब चीन ने पाकिस्तान को 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान जे-35 ए देने की घोषणा की है। चीन ऐसे 30-35 विमान पाकिस्तान को मुहैया कराएगा, जबकि भारतीय सेना के पास 5वीं पीढ़ी का एक भी लड़ाकू विमान नहीं है। दुश्मन को कमतर नहीं आंकना चाहिए। वायुसेना प्रमुख का यह रहस्योद्घाटन तब सार्वजनिक हुआ है, जब भारत की वायुसेना 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंकियों के बड़े अड्डे 'मिट्टी-मलबा' कर चुकी है, करीब 170 आतंकियों को ढेर कर चुकी है और कई प्रमुख एयरबेस, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर चुकी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' हमने अपनी वायु-शक्ति की बदौलत ही जीता है, लिहाजा वायुसेना प्रमुख की ये चिंताएं बेहद गंभीर हैं। चीफ मार्शल पहले भी फरवरी, 2025 में एक ट्रेनर जेट के कॉकपिट में बैठे हुए कह चुके हैं कि उन्हें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) पर भरोसा नहीं है। एचएएल मिशन मोड में काम नहीं कर रही है। बहरहाल अब उन्होंने निजी क्षेत्र की कंपनियों को आगे आने का आह्वान किया है। भारत में 21 निजी कंपनियां रक्षा-उत्पादन के क्षेत्र में सक्रिय हैं, जबकि सरकारी नेतृत्व की 16 सार्वजनिक कंपनियां भी जुड़ी हैं। इस क्षेत्र में कुल 430 अन्य कंपनियों के अलावा सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम 16,000 से अधिक हैं, जो रक्षा-उपकरणों के कल-पुरजे बनाते हैं। इतना व्यापक क्षेत्र होने के बावजूद हमारे लड़ाकू विमान लेटलतीफी के शिकार हैं, जाहिर है कि कारण असामान्य ही होंगे। हालांकि एयर चीफ मार्शल ने न तो किसी प्रोजेक्ट विशेष और न ही कंपनी का नाम लिया, लेकिन यह समयहीनता हमें भारी पड़ सकती है। कुछ उदाहरण गौरतलब हैं। तेजस एमके 1ए हल्के लड़ाकू विमान मई, 2024 तक उपलब्ध होने चाहिए थे। 2021 में एचएएल के साथ 83 विमानों का अनुबंध किया गया था, लेकिन अभी तक एक भी नहीं मिल पाया है। इसी तरह तेजस के अन्य किस्म के विमान का अभी 'प्रोटोटाइप' भी नहीं बना है। 2026 तक ऐसे 200 विमान सप्लाई करने का करार किया गया था। विमानों की डिलीवरी में देरी का बुनियादी कारण 'जीई एयरोस्पेस कंपनी' का इंजन रहा है, जो स्वदेशी लड़ाकू विमानों में लगना है। वायुसेना ने एचएएल के साथ 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों के लिए भी अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस विमान को इसी साल सितंबर तक सेना में शामिल किया जाना है, लेकिन लेटलतीफी के कारण ऐसा संभव नहीं लगता। आज हम करीब 65 फीसदी रक्षा-उपकरणों का उत्पादन भारत में करते हैं। वायुसेना प्रमुख इतना ही पर्याप्त नहीं मानते। वह कहते हैं कि डिजाइन और डिवेलपमेंट भी भारत में ही होना चाहिए, लेकिन डीआरडीओ शोध और विकास की गति बढ़ाने में असमर्थता व्यक्त कर रहा है, क्योंकि उसे कुल रक्षा बजट का मात्र 5 फीसदी हिस्सा ही मिलता है। वायुसेना प्रमुख का मानना है कि कंपनियों और डीआरडीओ का आउटपुट आगामी 10 सालों में खूब बढ़ना चाहिए। जो आज करना है, उसे आज ही किया जाना चाहिए। हमें भविष्य की तैयारियों के लिए आज ही तैयार होना होगा।

सीआईआई के बिजनेस समिट में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऐसा कोई रक्षा प्रोजेक्ट नहीं है, जो तय समय पर पूरा हुआ हो। जब रक्षा सौदों के करार पर दस्तखत किए जाते हैं, तब जानकारी होती है कि यह प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होगा, लेकिन फिर भी हस्ताक्षर कर दिए जाते हैं। यहीं से पूरी प्रक्रिया बिगड़ जाती है। एयर चीफ मार्शल ने यहां तक संकेत दिए हैं कि इसी से युद्ध की तैयारियां प्रभावित होती हैं। वायुसेना प्रमुख ने यह खुलासा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह की उपस्थिति में किया है, जाहिर है कि यह चिंता एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री और वायुसेना प्रमुख की रूबरू मुलाकातें भी होती रही हैं। उनमें भी यह मुद्दा उठा होगा। हमारी वायुसेना लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर और अन्य रक्षा-उपकरणों का संकट और समयहीनता उस परिदृश्य में झेल रही है, जब चीन ने पाकिस्तान को 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान जे-35 ए देने की घोषणा की है। चीन ऐसे 30-35 विमान पाकिस्तान को मुहैया कराएगा, जबकि भारतीय सेना के पास 5वीं पीढ़ी का एक भी लड़ाकू विमान नहीं है। दुश्मन को कमतर नहीं आंकना चाहिए।

आप का नजरीया

# पालमपुर में जमीन की लूट

**पहले** पांव के नीचे से खींची जाती थी जमीं, अब जमीं के निशा पांव के नीचे दबाए जा रहे। पालमपुर के बनूरी पटवार सर्कल के तहत करीब सौ कनाल जमीन की अवैध खरीद फरोख्त ने सरकार की 'इंतकाल' सुधार योजना के सारे कौल छीन लिए है। भू राजस्व से जुड़े माफिया गिरोह की निगरानी में पूरी मशीनरी की कालिख न उतरती अगर वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र सूद इस मामले की निशानदेही न करते। मामले के शिकार बीस परिवार हैं, जिनके नाम काश्तकारी के अधिकार वर्षों से जमीन पर हल जोत रहे हैं, लेकिन कमाल है जमीन को मापनेवालों और सरकारी रिकार्ड को संरक्षण देने वालों का कि अपनी अदालत, अपनी पैरवी और अपने स्वार्थ के खूंटे पर सारी ईमानदार परंपराएं टांग दी गईं। पालमपुर की जमीन पर डाका हो सकता है, तो यह सारे राज्य के चरित्र का लेखा जोखा है। ऐसे मामलों को कुरेदेंगे, तो माफिया के सरगना हर दफ्तर, हर पटवार सर्कल और हर खरीद फरोख्त की मंशा में मिलेंगे। हिमाचल में लैंड सीलिंग एक्ट की अनुशंसा के बाद राजस्व विभाग की प्रयोगशाला में सबसे अधिक विसंगतियों ने जन्म लिया है। पालमपुर मामले में विभागीय अनुसंधान और मिलीभगत के इंतजाम एक अंग्रेज भू स्वामी टी जे ग्लींसल तक पहुंच जाते हैं। मामला 1965 में पैत्रिक उत्तराधिकारों में उनकी बेटी रोजना सर्राफा तक को खोज लाता है और उन्हें कागजों में जिंदा किया जाता है। इस अपराध की कई परतें, करतूतें और चेहरे हैं, जो विभागीय आलमगीर को खोज रहे हैं। दरअसल हिमाचल में भूमि का बाजार मूल्य निरंतर बढ़ रहा है और यह भी कि प्रदेश की जमीन खरीद फरोख्त करते-करते कई नए जागीरदार बन के उभरे हैं। ये जागीरदार राजस्व विभाग, प्रशासन, सियासत और सत्ता तक अपनी पहुंच का प्रदर्शन करते हुए, जल, जंगल और जमीन तक अपना वर्चस्व दिखा रहे हैं। जमीन बिक्री के सौदों से पहले लगने वाली शाखाओं में कई चेहरे अपनी हुकूमत का असर रखते हैं और यही लोग अब हिमाचल के नए क्षत्रप हैं। विकास की हर प्रोपोजल की अब एक नई जमींदारी है। यहां कोई मेडिकल कालेज बनता नहीं है, बल्कि साथ लगते खेत खरीददारी के चरागाह बनते हैं। पालमपुर जमीन बिकवाली के सूत्रधार भले ही राजस्व विभाग की वर्दी में नजर आएं, लेकिन ये वही हैं जो पहले चाय बागीचों की हरियाली को बेचते आए हैं। ये वही हैं जो वर्षों से पूरे हिमाचल को नई नियमावलियों के तहत बेचते आए हैं। हिमाचल में जमीन का बाजार हमेशा से गर्म होता आ रहा है, लेकिन यहां खरीददार सामान्य व्यक्ति नहीं है। हिमाचल की मिलकीयत में कई जागीरदार हैं। यह भ्रष्टाचार का विकास है, जिसकी पैमाइश जमीन पर हो रही है। हम यह नहीं कहते कि पालमपुर जमीन प्रकरण कोई नया एहसास है, लेकिन उन खामोशियों से शिकायत है जो ऐसे विषयों पर सचेत नहीं होतीं। हिमाचल में लैंड रिफॉर्म के बाद नए 'राजा जी' पैदा हुए हैं। यहां धारा 118 के बावजूद खेत हलाल हुए हैं। मुजारा कानून के बाद खेती की जमीन घटी है, तो इससे सामाजिक चरित्र का दोहरापन भी सामने आ रहा है। ऐसे में जबकि खेत में सेंध लगाने वाले माफिया की पकड़ मजबूत हो रही है, तो पालमपुर प्रकरण की परतें खुलनी चाहिएं। अगर तसल्ली से छानबीन हो तो हिमाचल के हर शहर से गांव तक राजस्व विभाग की खूंटियों में ऐसे विवाद टंगे होंगे। हम घर-दुकान के लिए अब खेत की टहनियां नहीं मरोड़ रहे, बल्कि जमीन के सौदों से निकलते कई अधिकारी, नौकरशाह, राजनेता और चुनाव देखे जा सकते हैं।


### सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पहले तो पति की सजा बरकरार रखी थी लेकिन सजा के अमल पर रोक लगाकर एक कमेटी का गठन कर दिया था

# सुप्रीम कोर्ट -किशोरों के बीच सहमति के संबंधों में पोक्सो एक्ट के तहत जेल क्यों?

**रामस्वरूप रावतसरे**

केंद्र सरकार से कहा है कि किशोरों के बीच सहमति से बनने वाले प्रेम-संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और देश में यौन व प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा (सेक्स एजुकेशन) की नीति बनाने पर विचार करना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि किशोरों को प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेज (पोक्सो) एक्ट के तहत जेल न जाना पड़े। एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार को इस मुद्दे पर एक विशेषज्ञ समिति बनाने और 25 जुलाई 2025 तक रिपोर्ट देने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह इस रिपोर्ट के आधार पर आगे के निर्देश देगा। यह पूरा मामला पश्चिम बंगाल की एक महिला की कानूनी लड़ाई से शुरू हुआ। इस महिला के पति को पोक्सो एक्ट के तहत 20 साल की जेल हुई थी क्योंकि जब वह 14 साल की थीं, तब उनके बीच सहमति से रिश्ता था।

**सुप्रीम** कोर्ट ने एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार से कहा है कि किशोरों के बीच सहमति से बनने वाले प्रेम-संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और देश में यौन व प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा (सेक्स एजुकेशन) की नीति बनाने पर विचार करना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि किशोरों को प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेज (पोक्सो) एक्ट के तहत जेल न जाना पड़े। एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार को इस मुद्दे पर एक विशेषज्ञ समिति बनाने और 25 जुलाई 2025 तक रिपोर्ट देने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह इस रिपोर्ट के आधार पर आगे के निर्देश देगा। यह पूरा मामला पश्चिम बंगाल की एक महिला की कानूनी लड़ाई से शुरू हुआ। इस महिला के पति को पोक्सो एक्ट के तहत 20 साल की जेल हुई थी क्योंकि जब वह 14 साल की थीं, तब उनके बीच सहमति से रिश्ता था। महिला अपने पति को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुँची। इस मामले को देखते हुए कोर्ट ने दो वरिष्ठ महिला वकीलों, माधवी दीवान और लिज मैथ्यू, को इस संवेदनशील मुद्दे पर सलाह देने के लिए नियुक्त किया। इन वकीलों ने कहा कि पोक्सो एक्ट का मकसद बच्चों को यौन शोषण से बचाना है लेकिन किशोरों के बीच सहमति वाले रिश्तों में इसका सख्ती से लागू करना कई बार गलत नतीजे देता है। इससे न सिर्फ किशोरों को, बल्कि उनके परिवारों को भी नुकसान होता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पहले तो पति की सजा बरकरार रखी थी लेकिन सजा के अमल पर रोक लगाकर एक कमेटी का गठन कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट की 'न्यायमित्र' कमेटी ने कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सामने रखे जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने महिला के पति की सजा खत्म कर दी। इस फैसले के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बेहद लचीला रुख अपनाया। सुप्रीम कोर्ट ने महिला के संघर्षों, उसके भविष्य, दोनों के बच्चे और उनके साथ रहने को भी अपने फैसले में शामिल किया। इस मामले के बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से इस अहम मुद्दे पर सोच विचार करने के लिए कहा है। जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत 18 साल से कम उम्र के किशोरों के बीच सहमति से बने रिश्तों को अपराध न माना जाए। कोर्ट ने सरकार से कहा कि वह इस मुद्दे की जाँच के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाए। इस समिति में महिला और बाल विकास मंत्रालय के सचिव, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और कुछ विशेषज्ञ शामिल हों। कोर्ट ने यह भी कहा कि समिति में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) की डॉ. पेखम बसु, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट जयिता साहा, और दक्षिण 24 परगना के जिला सामाजिक कल्याण अधिकारी संजीब रक्षित को स्थायी सदस्य के तौर पर शामिल किया जाए। समिति को इस मुद्दे पर विचार करके 25 जुलाई 2025 तक अपनी रिपोर्ट देनी होगी। कोर्ट ने यूनेस्को की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया कि भारत में यौन शिक्षा सिर्फ सेकेंडरी स्कूलों में दी जाती है, और वह भी बहुत सीमित तरीके से। कोर्ट का कहना है कि अगर किशोरों को सही समय पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य की जानकारी दी जाए तो वे अपने फैसलों के कानूनी और सामाजिक परिणामों को बेहतर



समझ सकेंगे। कोर्ट ने सरकार से कहा कि वह इस दिशा में एक ठोस नीति बनाए। इस दरम्यान सुप्रीम कोर्ट ने कई हाई कोर्ट्स के फैसलों का जिक्र किया, जो इस मुद्दे पर पहले ही संवेदनशील रुख अपना चुके हैं। कोर्ट ने खास तौर पर दिल्ली, मद्रास और कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसलों का उल्लेख किया है। मद्रास हाई कोर्ट ने कई मामलों में कहा कि पोक्सो एक्ट का मकसद सहमति वाले रिश्तों को अपराध बनाना नहीं था। कोर्ट ने यह भी माना कि सहमति वाले रिश्तों में 'पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट' की परिभाषा लागू नहीं होनी चाहिए क्योंकि इसमें 'हमला' जैसी कोई बात नहीं होती। 2001 में भी मद्रास हाई कोर्ट ने सुझाव दिया था कि ऐसे रिश्तों को सजा से बचाने के लिए कानून में बदलाव करना चाहिए। कलकत्ता हाई कोर्ट के अनुसार पोक्सो एक्ट में 'पेनेट्रेशन' को एकतरफा हरकत माना गया है यानी इसे सिर्फ आरोपित की हरकत माना जाता है लेकिन सहमति वाले रिश्तों में यह जिम्मेदारी सिर्फ एक पक्ष पर नहीं डाली जा सकती। दिल्ली हाई कोर्ट ने फरवरी 2024 में एक लड़के को राहत देते हुए उसके खिलाफ पोक्सो का मामला रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून का मकसद शोषण और दुरुपयोग को रोकना है, न कि प्रेम को सजा देना। कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रेम एक बुनियादी मानवीय अनुभव है और किशोरों को भी सहमति से भावनात्मक रिश्ते बनाने का हक है बशर्ते उसमें कोई दबाव या शोषण न हो। उच्च न्यायालयों ने यह भी माना कि अगर ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई की जाए, तो इससे पीड़ित (लड़की) और उसके परिवार को भी नुकसान हो सकता है। कई बार ऐसे मामलों को रद्द किया, जहाँ आगे कार्रवाई करना पीड़ित के लिए ही हानिकारक था। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि ज्यादातर लोग इस बात से अनजान हैं कि सहमति की उम्र (एज ऑफ कंसेंट) को 2012 में 16 साल से बढ़ाकर 18 साल कर दिया गया है। इस अनजानपन की वजह से कई किशोर अनजाने में कानून तोड़ रहे हैं। पोक्सो एक्ट के तहत अगर कोई 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति से यौन संबंध बनाता है तो उसे अपराध माना जाता है, भले ही वह सहमति से हो। इसके अलावा कोर्ट ने माना कि किशोरावस्था में हार्मोनल और जैविक बदलावों की वजह से लड़के-लड़कियाँ रिश्तों की ओर आकर्षित होते हैं। ऐसे में उन्हें सजा देने के बजाय, उनके माता-पिता और समाज को उनका समर्थन और मार्गदर्शन करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि किशोरों के फैसलों को बड़ों के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि इससे उनके प्रति सहानुभूति की कमी हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट की सलाह से साफ है कि पोक्सो एक्ट और यौन शिक्षा को लेकर कुछ बदलाव जरूरी हैं। जैसे सहमति वाले रिश्तों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के लिए पोक्सो एक्ट में बदलाव की जरूरत है। खासकर 16-18 साल के किशोरों के मामले में कानून को और संवेदनशील करना होगा। स्कूलों में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा को अनिवार्य करना चाहिए। इससे किशोरों को अपने शरीर, रिश्तों, और कानूनी सीमाओं की सही जानकारी मिलेगी। समाज को किशोरों के रिश्तों को अपराध की तरह देखने के बजाय, उन्हें समझने और समर्थन देने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट की यह सलाह किशोरों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा कदम बताया जा रहा है। पोक्सो एक्ट जरूरी है लेकिन इसका गलत इस्तेमाल किशोरों और उनके परिवारों को नुकसान पहुँचा सकता है। सहमति वाले रिश्तों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और यौन शिक्षा की नीति बनाने से न सिर्फ किशोरों को सही दिशा मिलेगी, बल्कि समाज में यौन शोषण के खिलाफ लड़ाई भी मजबूत होगी। जानकारों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट की सलाह को देखें तो ये पश्चिमी देशों की व्यवस्थाओं, सामाजिक बुनियादों, स्वच्छंदता, अपराधिक माइंडसेट जैसे नजरियों को ध्यान में रख रहा है। माननीय सुप्रीम कोर्ट को इन मुद्दों पर भारत की व्यापकता को देखना होगा क्योंकि पश्चिमी समाजों में जो नियम चल सकते हैं, वे भारत में भारी नुकसान पहुँचा सकते हैं। भारत में पहले से ही जबरन बाल विवाह, नाबालिग लड़कियों की निकाह, शादी के नाम पर मानव तस्करी और धर्म परिवर्तन के लिए ग्रूमिंग जैसी गंभीर समस्याएँ हैं। अगर किशोरों के बीच सहमति वाले यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया तो ये एक कानूनी खामी बन सकती है जिसका गलत लोग फायदा उठा सकते हैं। पोक्सो एक्ट का मकसद प्रेम को रोकना नहीं है लेकिन इसे इसलिए भी बनाया गया था ताकि बड़े लोग नाबालिग लड़कियों के साथ 'किशोर प्रेम' के नाम पर शादी या रिश्ते बनाकर उनका शोषण न करें। कई बार निकाह का रास्ता अपनाकर पोक्सो एक्ट से बचा जाता है। उदाहरण के लिए, जून 2022 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने शरिया का हवाला देकर कहा था कि 16 साल की मुस्लिम लड़की निकाह के लिए योग्य है। क्या ऐसी नरमी तस्करों और शोषण करने वालों को और हिम्मत नहीं देगी जो पहले से ही सिस्टम का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं? राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व चेयरमैन प्रियंक कानूनगो ने इस मुद्दे कहा है कि नाबालिग अपनी सरकार नहीं चुन सकते, उन्हें वोट देने का अधिकार भी नहीं है। क्या हम उनसे यह उम्मीद कर रहे हैं कि वे अपने यौन साथी को समझदारी से चुनें? सावधान रहें, इससे नाबालिग लड़कियों के साथ निकाह और बाल विवाह के अन्य रूपों को वैधता मिल सकती है। दरअसल, यह सिर्फ कानूनी भाषा का मामला नहीं है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं का भी सवाल है।

देश दुनीया से

# तो सेना अलगः सरकार अलग!

**दिनांक** 6-7 मई की रात्रि पाकिस्तानी आतंकी अड्डो पर एयर स्ट्राइक किये जाने और बाद में पाकिस्तान के साथ खुले युद्ध में भारतीय सेना ने अनुपम शौर्य और कुशल रणनीति का परिचय दिया जिसके चलते पाकिस्तान में अधिकांश हवाई अड्डे तबाह हो गये, उसकी रक्षा प्रणाली एक तरह से ध्वस्त हो गई। दूसरी तरफ उसकी तरह से किये गये ड्रोन और मिसाइल हमलों को बेकार कर दिया गया। इसे लेकर सेना के समर्थन में कांग्रेस पार्टी एक तरफ जयहिंद यात्रा निकाल रही है तो दूसरी तरफ मोदी सरकार पर हमले कर रही है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी आये दिन सरकार से इस सम्बन्ध में तरह-तरह के सवाल पूछ रहे हैं। कह रहे हैं कि बताओं कितने लड़ाकू विमान नष्ट हुये जबकि दुनिया भर के विशेषज्ञ यह कह रहे हैं कि इस छोटे से युद्ध में भारत ने जो कमाल दिखाया है तो उसकी शक्ति का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। इसके पूर्व जब 2016 में भारतीय सेना ने उरी में स्ट्राइक और 2019 में बालाकोट में एयर स्ट्राइक की, तब भी कांग्रेस समेत विपक्ष का रवैया यही था कि जो कुछ किया है, भारतीय सेना ने किया है, भला सरकार का इसमें क्या श्रेय। यह बात और है कि ये लोग तब भी सरकार से स्ट्राइक का प्रमाण भी माँग रहे थे। ऐसी स्थिति में बड़ा सवाल यह कि क्या सेना और सरकार इस तरह से अलग है कि उनके बीच कोई सम्बन्ध ही नहीं है। वस्तुतः सेना सरकार का ही एक अंग है जो सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करती है। गौर करने की बात यह है कि क्या वगैर राजनीतिक नेतृत्व के सेना कोई बड़ा निर्णय या कदम उठा सकती है। यह इससे समझा जा सकता है कि जब वर्ष 2008 में मुम्बई में 26/11 हुआ, तब सेना पाकिस्तान से दो-दो हाथ करना चाहती थी जिसे लेकर अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने लिखा है कि मनमोहन सरकार ने सेना को पाकिस्तान के विरूद्ध कोई कदम उठाने की छूट इसलिये नहीं दी कि इससे हिन्दू राष्ट्रवाद की भावना का विस्तार होगा जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा। यहाँ तक कि पाकिस्तानी भारतीय सैनिकों का सिर काट ले जाते थे पर भारत सरकार के रवैये के चलते यूपीए के दौर में सेना कुछ नहीं कर पाती थी. यदि सेना ही ऐसे मामलों में सब कुछ होती तो 1962




में जब चीन-भारत में युद्ध हुआ और भारतीय सेना के पास अस्त्रों का अभाव तो था ही, पैरों में पहनने के लिये सही जूते तक नहीं थे क्योंकि तब नेहरू सरकार सेना को मजबूत करने के बजाय पंचशील के कबूतर उड़ा रहे थे। सरकार के इस उदासीन रवैये के चलते भारतीय सेना को कितनी शर्मनाक पराजय मिली थी, यह सभी को पता है। यूपीए शासन के दौर में सेना के पास बुलेट प्रूफ जैकेट तक नहीं होती थी। राफेल विमानों की खरीदी को लेकर तब के रक्षामंत्री एन्टोनी ने संसद में कह दिया था कि राफेल लड़ाकू विमानों के खरीदने के लिये सरकार के पास रूपये नहीं हैं। ऐसी स्थिति में सेना सफलतापूर्वक कैसे कोई अभियान चला सकती या युद्ध लड़ सकती थी। आखिर राफेल विमानों के दम पर ही पाकिस्तान की सीमा पर प्रवेश किये वगैर ही आतंकवादी अड्डो पर एयर स्ट्राइक कर दी गई। इस मामले में कांग्रेस पार्टी का रवैया पूरी तरह दोहरे मापदण्ड वाला है। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ और पूर्वी पाकिस्तान की जगह स्वतंत्र बांग्लादेश का निर्माण हुआ तो इस पैमाने के आधार पर कांग्रेस पार्टी को इसका श्रेय सेना को देना चाहिए था लेकिन तब इसका श्रेय न तो सेना को न तब के रक्षा मंत्री और यहाँ तक कि इंदिरा सरकार को भी नहीं दिया गया था। इसका एक मात्र श्रेय श्रीमती इंदिरा गांधी को दिया गया था और यह कहा गया कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने इतिहास का नहीं, भूगोल भी बदल दिया है। निश्चित रूप से ऐसे संवेदनशील एवं राष्ट्र से जुडे मामलों में भी कांग्रेस पार्टी का रवैया पूरी तरह से अंध विरोध का रहता है। लोगो को यह भी पता होगा कि वर्ष 1999 में करगिल युद्ध के दौरान तब की कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने कहा था- ''वाजपेयी सेनाओं को कटवा रहा है। ऐसी बातों से जहाँ सेनाओं का मनोबल गिरता है तो दूसरी तरफ विश्व-फलक पर पाकिस्तान ऐसी बातों का उपयोग करता है। बड़ी बात यह कि यूपीए शासन के दौर की तरह सेना को कोई छूट ही नहीं दी गई, उसके हाँथ बंद रखे गये तो सेना क्या कर लेगी जबकि मोदी सरकार ने सेना को हाथ खोलने की खुली छूट दी। दूसरी तरफ ऐसे मामले में भाजपा का रवैया पूरी तरह अलग रहता है।

कुछ अलग

# ईमानदारी का सर्टिफिकेट

**दोस्तो!** देश में ईमानदार कौन और भ्रष्टाचारी कौन, इस चर्चा के बीच में भी चर्चा में आ गया हूं। जिधर देखो, उधर मेरी ही चर्चा हो रही है। लोग महंगाई भूल गए हैं। अपनी परेशानियां भूल गए हैं। पति पत्नी एक दूसरे को ताने मारना भूल गए हैं। सबका फोकस मेरी ईमानदारी पर हो गया है। मैंने काम ही ऐसा किया है कि जो कोई नहीं कर सका, वह मैंने कर दिया है। मैंने अपने आपको खुले मंच से अपने ही हाथों ईमानदारी का सर्टिफिकेट प्रदान कर दिया है और बड़े अदब के साथ उस सर्टिफिकेट को ग्रहण भी कर लिया है और अपने ड्राइंग रूम में एक बड़ी से चमचमाती फ्रेम में सजा लिया है। अब जो भी कोई मेरे घर आएगा, सबसे पहले उसकी नजर इस सर्टिफिकेट पर पड़ेगी और वह मुझ पर बलिहारी हो जाएगा। अब समारोह कब हुआ, कौनसा मंच था, यह भी बता देता हूं। पूरा सीन आपके सामने क्रिएट कर रहा हूं। स्थान : घर के पिछवाड़े में लगा नीम का वह ऐतिहासिक पेड़, जिसके नीचे गांधी जी कभी मुस्कुराए थे। समय : दोपहर 1.30 बजे, आयोजक, मुख्य अतिथि, वक्ता और दर्शक सिर्फ मैं ही मैं था क्योंकि कोई दूसरा इस काबिल नहीं मिला। मैंने खुद को 'ईमानदारी का सर्टिफिकेट' प्रदान किया। बड़ी सादगी से, नीम के पेड़ के नीचे। न फूलमाला, न कोई मंच। बस मैं, मेरी सादगी, और मेरी महानता का दस्तावेज। कार्यक्रम का आरंभ मैंने खुद के संबोधन से किया, 'मेरे जैसा कोई नहीं। मैंने कभी घर के लिए दफ्तर की स्टेपलर तक नहीं उठाई। कभी चाय की प्याली सरकारी फाइल के साथ नहीं जोड़ी। कोई बंद लिफाफे में पैसे थमा गया तो उसे भगवान का आशीर्वाद समझ कर ले लिया। रिश्वत नहीं मांगी। रिश्वत मांगना पाप होता है। मैं यह पाप नहीं करता, क्योंकि ईमानदारी मेरी नस-नस में है। जब देश सोता है, तब भी मेरी ईमानदारी एक सजग चौकीदार की तरह जागती रहती है।' अब आप जानना चाहेंगे आगे क्या हुआ। अभी सीन खत्म नहीं हुआ है। मंच सजा हुआ था। उसके पीछे 'ईमानदारी जिंदा है' का बहुत बड़ा बैनर लगा हुआ था। इसके अलावा एक और आकर्षण भी था और वह था, मेरा खुद पर लिखा गीत : 'मैं ईमानदार, तू बेईमान, मेरे जैसा नहीं कोई इनसान!' स्वर मैंने दिया, तबला मैंने बजाया, और ताली मैंने ही बजाई। तालियों की गूंज इतनी थी कि पड़ोसियों ने पंखा बंद कर दिया, उन्हें लगा कहीं कुछ बड़ा हो रहा है। पत्रकारिता का पहलू भी मैंने नहीं छोड़ा। मोहल्ले के चार पत्रकार बुलाए जो अक्सर शादी-ब्याह में भी रिपोर्टिंग कर लेते हैं। मुझे ऐसे ही पत्रकार पसंद हैं जो सवाल न पूछें। आएं खाए पीएं और प्रेस नोट लेकर चलते बने। उन्हें मैंने प्रेस रिलीज दी : 'ईमानदारी के अंतिम स्तंभ से मिलिए।' उन्होंने पूछा नहीं, बस लिखा। खैर छोड़ो, ऐसे लोगों से हमें क्या लेना देना।

दृष्टि कोण

# हमारे शूरवीर जवानों ने दिखाया पराक्रम

**भारत** का यह दुर्भाग्य रहा कि आजादी के तुरंत बाद उसे न केवल विभाजन की त्रासदी से गुजरना पड़ा, बल्कि आतंकवाद और उग्रवाद का सामना करना पड़ा जो अब जाकर किसी हद तक नियंत्रण में आता दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर पर कब्जे की कोशिश में लगे पाकिस्तान ने वहां आतंकवाद की लहर पैदा कर दी थी जिसका असर पूरे देश पर पड़ता रहा। केन्द्र सरकार की पहल पर संसद ने वहां से 5 अगस्त 2019 को धारा 370 खत्म करने को मंजूरी दी। तब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला ऐतिहासिक कदम कहा था। इसके साथ ही इस चर्चा पर विराम लगा दिया कि विवाद का विषय है। उसके बाद से यह भारत का अभिन्न अंग है। लेकिन पाकिस्तान है कि आतंकवाद के जरिए वहां अशांति फैलाना चाहता है। इसी क्रम में वहां आतंकवादियों के गिरोह भेजे जाते रहे हैं जिनका मुकाबला हमारे सुरक्षाकर्मी बहादुरी से कर रहे हैं। पहलगाम में इन आतंकवादियों ने जिस तरह निहत्थे और मासूम लोगों पर गोलियां बरसाईं, उसके बाद सुरक्षा बलों ने कठोर कार्रवाई करते हुए जल्दी ही छह आतिकियों को मौत के घाट उतार दिया। वहां सीमा पार से आने वाले आतंकियों को निबटाने में हमारी सेना के अलावा अर्धसैनिक बलों सीमा सुरक्षा बल, सीआरपीएफ और आईटीबीपी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। लेकिन हमारे अर्धसैनिक बलों ने जो पराक्रम नक्सलियों के खिलाफ दिखाया है, वह उनके जज्बे और बलिदान का साक्षी है। सीआरपीएफ और यहां तक कि बीएसएफ ने भी छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखंड, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में कई ऑपरेशन किए। लेकिन असली लड़ाई 2019 के बाद शुरू हुई जब गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को न केवल खुला हाथ दिया बल्कि आधुनिकतम हथियार, सुविधाएं, संचार साधन और अतिरिक्त बलों की व्यवस्था करवाई। नक्सलियों के पास कई तरह के हथियार थे, उन्हें उन इलाकों के चप्पे-चप्पे का ज्ञान है और वे घात लगाकर हमले करने में सिद्धहस्त रहे हैं। सुरक्षा बलों के हमारे जवान जो उन इलाकों में ऑपरेशन करने जाते हैं, घनघोर जंगलों में लड़ते हैं, जहां सुरक्षा बलों के लिए रास्ते दुर्गम हैं और ऊंची-नीची पहाडियां कठिनाइयां पैदा करती हैं। नक्सली सुरक्षा बलों की हर मूवमेंट पर नजर रखते थे और उसी के अनुसार आईईडी का विस्फोट करके हमले करते थे। ऐसे ही एक हमले में सैकड़ों नक्सलियों ने सीआरपी के 76 जवानों की जान ले ली थी। उन बहादुर जवानों को लडने का जरा भी मौका नहीं मिला और उन पर घातक हथियारों से भयानक हमला हुआ। लेकिन अब बाजी पलट गई है और केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जो बड़े कदम उठाए, उसका असर साफ दिखने लगा है। नक्सलियों का खात्मा होने लगा है। आधुनिक हथियारों, आधुनिक संचार व्यवस्था, बेहतर सुविधाएं, हेलीकॉप्टरों की उपलब्धता, चौकियों की संख्या में भारी वृद्धि और तमाम सुविधाएं देकर उन्हें शक्तिशाली बनाया जिससे उन्होंने अपने शौर्य तथा वीरता से नक्सलियों के छक्के छुड़ा दिए। इसका सबसे बड़ा उदाहरण इसी मई महीने में छत्तीसगढ़-तेलांगना सीमा पर स्थित कारेगेट्टालु पर्वतों पर 31 दुर्दांत नक्सलियों को 21 दिनों के जबर्दस्त संघर्ष के बाद मार गिराया जिन पर कुल पौने दो करोड़ रुपए के इनाम थे। उनके पास आधुनिकतम हथियार जैसे एसॉल्ट राइफलें वगैरह थे। यह मुकाबला इसलिए भी बहुत मायने रखता था कि 45 डिग्री तापमान में सुरक्षा बलों ने घने जंगलों और कंदराओं के इर्द-गिर्द अपना ऑपरेशन चलाया। सैकड़ों गुफाओं के अंदर क्या है, यह जानना मुश्किल था लेकिन उन्होंने बहादुरी से मुकाबला किया। दरअसल यह जगह नक्सली ऑपरेशन का मुख्यालय था जहां से चारों ओर फैले नक्सलियों को निर्देश दिया जाता था। वहां पर सुरक्षा बलों को 450 आईईडी, 818 बीजीएल शेल, सैकड़ों देसी हथियार तथा बड़े पैमाने पर डेटोनेटर मिले। वहां पर सुरक्षा बलों को 12 हजार किलो अनाज तथा भारी मात्रा में दवाएं भी मिलीं। यहां से ही नक्कसलियों के तमाम अड्डों पर अनाज तथा दवाइयों की आपूर्ति की जाती थी। नक्सलियों के इस विशाल मुख्यालय का पता लगाकर नष्ट कर देना हमारे बहादुर जवानों के धैर्य, समर्पण और संकल्प का ज्वलंत प्रतीक है। इस ऑपरेशन में आईईडी विस्फोटों में कोबरा, एसटीएफ और डिस्ट्रिक्ट गार्ड के 18 जवान जख्मी हो गए थे जिन्हें हेलीकॉप्टरों की मदद से अस्पतालों में पहुंचाया गया। 21 दिनों के इस सफल ऑपरेशन को अब तक का सबसे बड़ा नक्सल निरोधी अभियान माना जा रहा है जिसकी पीएम मोदी ने खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि देश को इन बहादुर जवानों पर गर्व है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी जवानों की वीरता की तारीफ की।

# मोदी के नेतृत्व में देश में बदल चुकी है *पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस* की तस्वीर : भाजपा अध्यक्ष नड्डा



**जयपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक इस बात का प्रमाण हैं कि अगर कोई भारत की ओर आंख उठाएगा, तो उसे घर में घुसकर जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि अब देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में *पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस* की तस्वीर बदल चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को यहां एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। नड्डा अपनेएक दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे। उन्होंने राजस्थान में डबल इंजन सरकार की ताकत, नीति निर्धारण की भूमिका और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की योजनाओं की सराहना की। नड्डा यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। यहां नड्डा ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए नीति निर्धारण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उस विचारधारा का सच्चा सिपाही बताया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र सेवा कर रही है। नड्डा ने कहा कि उजाले का महत्व तब समझ आता है जब कोई अंधकार से निकलता है। राजस्थान अब उजाले में है और इस उजाले को संभालकर रखना है। जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की महिला केंद्रित योजनाओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें देशभर के लिए एक मिसाल बताया। *गर्भ की पाठशाला* जैसे कार्यक्रमों को उन्होंने समाज को बदलने वाला बताया। अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर उनके महिला सशक्तीकरण के प्रयासों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार भी उसी दिशा में कार्य कर रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए नड्डा ने बताया कि देशभर में 1 लाख 77 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। साथ ही महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग और पुरुषों के लिए हाइपरटेंशन जांच की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि डबल इंजन सरकार राजस्थान के विकास के लिए एक बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को स्कूटी देना सिर्फ वाहन देना नहीं, बल्कि उनके जीवन को गति देना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब देश में *पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस* और *पॉलिटिक्स ऑफ एकाउंटेबिलिटी* की तस्वीर बदल चुकी है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से राज्य सरकार महिलाओं के लिए योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने कहा कि कालिका पेट्रोलिंग यूनिट में 150 नए वाहन जोड़े गए हैं। पांच कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास और 2 जनजातीय क्षेत्रों में बालिका विद्यालयों के छात्रावास का लोकार्पण हुआ है। राज्य सरकार 5000 गांवों को बीपीएल मुक्त करने और डीएनटी समुदाय को 26, 000 पट्टे देने की दिशा में कार्य कर रही है।

## युवा रोजगार मेले में 2.5 लाख से लेकर 7 लाख तक के पैकेज के साथ इंटर्नशिप और प्लेसमेंट

**जयपुर ( हिंस )।** वेदांता फाउंडेशन और बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को बियानी कॉलेज कैंपस में *युवा रोजगार मेला* का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को इंटर्नशिप के साथ-साथ प्रत्यक्ष प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करना है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में सिलेक्टेड स्टूडेंट्स को ढाई से सात लाख रुपए तक का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। इस अवसर पर देश की 35 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लिए गए। जिनमें से प्रमुख है; विप्रो, इन्फोसिस, फोर्टिस, एचडीबी फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एसबीआई लाइफ, जूडिया, लोकमत, एम बी सॉन्स ज्वैलर्स, पुनो, हयात, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीपरफॉर्मेंस, द मुथूट ग्रुप, प्लेनेट पीसीआई इंफोटेक लिमिटेड, ट्रेंट लिमिटेड, वाउ मोमो और मैरियट सहित कई नामी एवं प्रतिष्ठित कंपनियां इस जॉब फेयर का हिस्सा रहीं।

### राजधानी में नहीं थम रहा धमकियों का सिलसिला

## फिर मिले दो होटल्स को बम से उड़ाने की धमकी भरे मेल

**जयपुर ( हिंस )।** राजधानी जयपुर में शनिवार को दो फेमस होटल हॉलिडे-इन और रैफल्स को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने से दहशत को माहौल हो गया। इन होटलों में से एक होटल हॉलिडे-इन में राजस्थान के गृह राज्यमंत्री, उद्योग मंत्री केके विश्नोई और सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक एक निजी कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। जहां पुलिस अधिकारियों से जानकारी मिलने के बाद गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने होटल खाली करने का कहा। इसके बाद तीनों मंत्री होटल से निकल गए। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर शहर के बाईस गोदाम सर्किल स्थित हॉलिडे-इन होटल को शनिवार सुबह होटल को बम से उडाने का धमकी भरा मेल मिला। इस दौरान हॉलिडे-इन होटल में एक निजी कार्यक्रम चल रहा था। इसमें राजस्थान के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, उद्योग मंत्री केके विश्नोई और सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक मौजूद थे। जहां होटल में बम होने की जानकारी पुलिस अधिकारियों से मिलने पर बेढ़म ने कार्यक्रम के बीच में ही माइक से होटल खाली करने के लिए कहा। इसके बाद पुलिस टीम ने हॉलिडे-इन होटल से आनन-फानन में सभी को बाहर निकाला गया। जहां मौके पर पहुंचे बम और डॉग स्क्वायड सहित एटीएस ने होटल के हर कमरे में जांच शुरू की गई है। कई घंटों की तलाशी के बाद कुछ भी नहीं मिला तो सुरक्षा बलों ने राहत की सांस ली। वहीं दिल्ली रोड पर मौजूद रैफल्स होटल को भी धमकी का मेल मिला था। वहां भी एटीएस और बम स्क्वायड की टीम पहुंची और होटल्स के स्टाफ व गेस्ट को बाहर निकाल कर एक घंटे तक होटल की तलाशी ली गई।

## गरीबों को नौकरी मिलने से तिलमिलाए हुड्डा : मोहन लाल बडौली



**सोनीपत ( हिंस )।** गोहाना में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शनिवार को बालिका दौड़ प्रतियोगिता व अन्य आयोजन संपन्न हुए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और कार्यक्रम में भाग लेते हुए सामाजिक, राजनीतिक और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर अपने विचार प्रकट किए। प्रदेश अध्यक्ष ने लोकमाता अहिल्या बाई होलकर को न्यायप्रिय और कल्याणकारी योजनाओं की समर्थक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा और भारत सरकार इस ऐतिहासिक अवसर को जन-जन तक पहुंचाकर उनके जीवन से प्रेरणा ले रही है। बालिका दौड़ के आयोजन का उद्देश्य भी महिला सशक्तिकरण और नई पीढ़ी को प्रेरित करना रहा। विजयी छात्राओं को पदक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मोहनलाल बडौली ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला बोलते हुए कहा कि हुड्डा इस बात से तिलमिला गए हैं कि गरीब परिवारों के बच्चों को हरियाणा सरकार में नौकरियां कैसे मिल रही हैं। उन्होंने दावा किया कि जिन घरों में पहले कभी सरकारी नौकरी नहीं लगी थी, वहां भी अब बच्चों को रोजगार मिल रहा है। बडौली ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और हुड्डा ने अदालत में जाकर भर्ती प्रक्रियाओं पर रोक लगवाई है जबकि भाजपा सरकार ऐसे बच्चों के साथ खड़ी है और उन्हें रोजगार दिलाने की दिशा में प्रतिबद्ध है। वहीं ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुए घर-घर सिंदूर अभियान पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा उठाए गए सवालों को उन्होंने झूठी खबर (फेक न्यूज) करार दिया। बडौली ने कहा कि कुछ समाचार माध्यमों ने इसे गलत तरीके से प्रस्तुत किया है और दोषियों पर कार्रवाई होगी। सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पूरी तरह से सक्षम है और ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी महिला अधिकारी कर्नल द्वारा दी गई। यदि पाकिस्तान फिर कोई दुस्साहस करता है तो सख्त प्रतिक्रिया दी जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान, जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, संयोजक महेन्द्र चिड़ाना, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, परमबीर सैनी, विपिन गोयल, सुनील, भूपेंद्र मुदगिल, धाविका सानिया पांचाल, डॉ. राममेहर राठी, संतराम बाल्मीकि, तकदीर नरवाल, सरपंच सविता, अरुण निनाणिया, कमलेश सैनी, जगबीर जैन आदि उपस्थित रहे।

## झालावाड़ में मॉक ड्रिल के दौरान मधुमक्खियों का हमला, अफरा-तफरी का माहौल



**झालावाड़ ( हिंस )।** ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को झालावाड़ जिले में कालीसिंध बांध पर आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल के दौरान ड्रोन हमले की काल्पनिक स्थिति बनाई गई थी, लेकिन इसी बीच एक असली आपात स्थिति बन गई जब वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। घटना के समय बांध पर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे सभी अधिकारियों को जान बचाकर भागना पड़ा। इस अप्रत्याशित घटना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, कुछ समय बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई और मॉक ड्रिल को रोका गया। किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। यह घटना मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा उपायों की अधिक जरूरत को उजागर करती है। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों को परखना था, लेकिन मधुमक्खियों के हमले ने इसे असली संकट में बदल दिया। अब प्रशासन इस घटना की समीक्षा कर रहा है ताकि भविष्य में ऐसे जोखिमों से बचा जा सके।

## जयपुर में ऑपरेशन शील्ड : बाजार में घूम रहे लोगों पर ड्रोन से हमला, अलग-अलग टीमों ने मोर्चा संभाला



**जयपुर ( हिंस )।** राजधानी में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत ड्रोन और हवाई हमले से बचाव की मॉक ड्रिल की गई है। खातीपुरा स्थित शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मॉक ड्रिल की गई। स्कूल के ग्राउंड में डमी के रूप में प्रैक्टिस की है। इस दौरान बाजार में घूम रहे लोगों पर ड्रोन हमले के बाद बचाव की प्रैक्टिस की गई। मॉक ड्रिल में दिखाया गया लोग बाजार में घूम रहे थे। यहां अचानक ब्लास्ट होते हैं। हवाई फायर होते हैं। इस दौरान रियल टाइम पर मेडिकल सुविधा पहुंची। एसडीआरएफ की टीम सहित अन्य टीमों ने मोर्चा संभाला। इस दौरान मौके पर जिला कलेक्टर डॉक्टर जितेंद्र सोनी, एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप सहित पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर संतोष मीणा ने बताया कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर द्वितीय सिविल डिफेंस अभ्यास (ऑपरेशन शील्ड) के तहत शनिवार को ड्रोन हवाई हमले के समय राहत और बचाव के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। चिह्नित स्थान पर रात में सायरन बजाकर ब्लैक आउट की सूचना दी जाएगी। इस दौरान नागरिकों को घरों में रहना होगा। ब्लैक आउट के दौरान कुछ महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। नागरिकों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलना है। माचिस, मोबाइल, टॉर्च या फ्लैश लाइट का उपयोग वर्जित है। खिड़कियों से प्रकाश बाहर न जाए, इसके लिए काला कागज लगाना होगा। सड़क पर चलने वाले वाहनों की लाइट बंद करनी होगी। वाहन चालकों को जहां हैं, वहीं रुकना होगा। क्षेत्र के सिविल डिफेंस वार्डनों का सहयोग करना होगा। दो मिनट तक सायरन बजने पर बचाव कार्य शुरू होंगे। एयर रेड सायरन बजने पर नागरिकों को शांतिपूर्वक सुरक्षित स्थान पर शरण लेनी होगी। अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना करें। ड्रोन के हवाई हमले का रेड सिग्नल 2 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में सायरन बजाकर दिया जाएगा तथा खतरा टलने की सूचना 2 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज में बजाकर दी जा रही है।

## हरदोई में बारातियों से भरी कार खाई में गिरी, छह की मौत, सात घायल



**हरदोई ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि शादी से लौट रहे बारातियों की कार तेज रफ्तार में भुप्पा पुरवा मोड़ पर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। इससे कार में सवार छह लोगों की मौत हो गई और सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपाधीक्षक अनुज मिश्र ने बताया कि शनिवार तड़के लगभग 03 बजे थाना मझिला के कुसमा गांव से शादी कराकर पाली लौट रहे बारातियों की एक आर्टिगा कार भुप्पा पुरवा मोड़ पर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में जितेंद्र (22), आकाश (18), सिद्दार्थ (6), रामू (35), उदय वीर (23), जौहरी (40) शामिल हैं। पुलिस ने सभी शवों को एवं घायलों को सीएचसी शाहाबाद एंबुलेंस से भिजवाया। घायलों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन मौके पर पहुंचे और पुलिस को दिशा-निर्देश दिए। इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है।

## अब कैदियों की हाथों से बुनी बनारसी साड़ी मचाएगी धमाल, बिखेरेंगी चमक



**मीरजापुर ( हिंस )।** जेल की दीवारें अब सिर्फ कैद की पहचान नहीं रहीं, बल्कि सुधार, स्वास्थ्य और स्वावलंबन की नई इबारत लिख रही हैं। शुक्रवार को जिला कारागार में कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जब जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने संयुक्त रूप से जेल का निरीक्षण किया। बैरकों में संवाद, भोजन की गुणवत्ता परखने से लेकर सुरक्षा की गहन जांच की गई। बंदियों से संवाद करते हुए जिलाधिकारी ने उनकी जरूरतों और समस्याओं को सुना और बैरकों की खिड़कियों में मच्छरजाल लगाने के निर्देश दिए। जिला कारागार में खुला ओपन जिम जिलाधिकारी ने व्यायाम के लिए नवनिर्मित ओपन जिम का फीता काटकर उद्घाटन किया और कहा कि तन को तंदुरुस्त और मन को संयमित रखना सुधार प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। यह जिम इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। महिला बंदियों के लिए साड़ी बुनाई का प्रशिक्षण महिला बैरक में निरुद्ध महिलाओं को अब बनारसी साड़ी बुनाई का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अब जेल की चारदीवारी के भीतर भी बुनाई की करघटों से रोजगार, आत्मनिर्भरता और नई पहचान बुनी जाएगी। डीएम ने कहा कि यह पहल केवल हुनर सिखाने की नहीं, बल्कि आशा और आत्मसम्मान लौटाने की है। जेल अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में कुल 748 बंदी निरुद्ध हैं, जिनमें 29 महिलाएं और 40 किशोर भी शामिल हैं। जेल से जीवन की नई शुरुआत जिला कारागार अब सिर्फ एक सुधारगृह नहीं, बल्कि नई जिंदगी की प्रयोगशाला बनता जा रहा है। जहां व्यायाम से सेहत सुधरेगी, हुनर से भविष्य संवरेगा और संवाद से आत्मबल जागेगा।

## लुधियाना पश्चिम सीट पर भाजपा ने जीवन गुप्ता को बनाया उम्मीदवार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के लुधियाना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी व अन्य दलों के बाद शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ने भी लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। भाजपा ने इस उपचुनाव के लिए जीवन गुप्ता को अपना उम्मीदवार बनाया है। उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। कांग्रेस के उम्मीदवार भारत भूषण आशु भी पहले ही नामांकन दाखिल कर चुके हैं। शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार एडवोकेट परउपकार सिंह घुम्मन भी अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं। नामांकन करने की अंतिम तारीख 2 जून है। इस सीट के लिए मतदान 19 जून 2025 को होगा, जबकि मतगणना और परिणामों की घोषणा 23 जून 2025 को की जाएगी।

## अब्बास अंसारी की विधायकी पर मंडरा रहा है खतरा



**मऊ ( हिंस )।** जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और सदर विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने अब्बास को दो साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मंसूर अंसारी को छह माह की सजा और एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अब्बास को सजा होने के बाद उनके समर्थक कोई हंगामा न करें, इसके लिए कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोर्ट का यह फैसला अब्बास के राजनीतिक करियर को प्रभावित कर सकता है। दो साल की सजा होने से उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द हो सकती है। अब्बास अंसारी के अधिवक्ता दरोगा सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर में 97 / 2022 के अंतर्गत एक मुकदमा कायम हुआ था जिसमें दो धाराओं में ही पंजीकृत हुआ था लेकिन बाद में विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा धाराओं में बढ़ोतरी कर दी गई। ट्रायल के दौरान दो लोगों को सजा सुनाई गई। मंसूर को 6 महीने तथा विधायक अब्बास अंसारी को 2 साल की सजा सुनाई गई और कुछ जुर्माना भी लगाया गया। हम लोग ऊपर की अदालत में इस आदेश पर स्टे लाएंगे।

## लालू, नीतीश और मोदी के चेहरे पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए करे वोट : प्रशांत किशोर



**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** बिहार बदलाव यात्रा के तहत जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर पूर्वी चंपारण पहुंचे। जहां उन्होने जिले के हरसिद्धि और पताही प्रखंड में आयोजित *बिहार बदलाव सभा* को संबोधित किया। इसके पूर्व जनसुराज के कार्यकर्ताओ ने प्रशांत किशोर का विभिन्न स्थानों पर ढोल- नगाड़ों व फूल मालाओ के साथ उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। मेहसी में उनके समर्थकों ने उन्हें लीची देकर स्वागत किया। गाड़ियों के लंबा काफिला के साथ निकले प्रशांत किशोर आयोजित जनसभा में पहुंचे जिसे संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि बिहार में अधिकारी और नेता राशन कार्ड बनाने से लेकर जमीन की रसीद कटाने तक के लिए रिश्वत ले रहे हैं, जिससे आम लोग परेशान हैं। उन्होंने चंपारण की जनता से अपील की कि उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें। बिहार में व्यवस्था परिवर्तन कर जनता का राज स्थापित करने के लिए नेताओं का चेहरा देखकर वोट न करें। चुनाव में वोट लालू, नीतीश और मोदी के चेहरे पर नहीं अपने बच्चों के चेहरे को देखकर दीजिएगा। जनसभा के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री मोदी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि नीतीश कुमार जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी का नाम भी याद नहीं है, उन्हें भाजपा ने बिहार की 13 करोड़ जनता पर थोप रखा है। नीतीश कुमार की मानसिक और शारीरिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे सरकार चला सकें। फिर भी पिछले दरवाजे से सरकार में घुसने के लिए भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बना रखा है। हम लगातार कह रहे हैं कि मोदी जी और अमित शाह बताएं कि क्या नीतीश कुमार ही एनडीए के मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। इस दौरान उन्होने जनता से बड़ा वादा करते कहा कि दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपए मासिक पेंशन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल छठ के बाद बिहार के युवाओं को 10-12 हजार रुपए की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि जब तक सरकारी विद्यालयों में सुधार नहीं हो जाएगा, तब तक आप अपने 15 साल से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाएं और उनकी फीस जनसुराज की सरकार भरेगी ताकि गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ सके।

## 20 हजार सूर्य नमस्कार करके दुनिया के समक्ष चुनौती पेश की संदीप आर्य ने

### दो लाख 40 हजार एक्सरसाइज करने वाले संदीप ने बनाया रिकॉर्ड



**हिसार ( हिंस )।** जिले के गांव फरीदपुर निवासी संदीप आर्य ने सूर्य नमस्कार में नया रिकॉर्ड कायम किया है। लगातार 20 हजार सूर्य नमस्कार करके दुनिया के सामने नई चुनौती पेश करते हुए रिकॉर्ड कायम किया है। इन 20 हजार सूर्य नमस्कार में 2 लाख 40 हजार एक्सरसाइज होती है, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। संदीप आर्य जांगड़ा का जन्म 17 मई 1995 को जिले के फरीदपुर गांव के एक साधारण परिवार में हुआ। पिता धर्मपाल जांगड़ा राजमिस्त्री का काम करते हैं, जबकि मां कृष्णा देवी का निधन हो चुका है। जब संदीप मात्र 10 वर्ष के थे तो सिर से मां का साया उठ गया था। ननिहाल में संदीप की परवरिश हुई। संदीप से बड़े दो भाई है, जो राजमिस्त्री का ही काम करते हैं। अपनी लग्न के चलते संदीप आर्य जांगड़ा ने 2010 में स्वामी रामदेव के मंच से सूर्य नमस्कार की शुरुआत करते समय सोचा भी नहीं था कि एक दिन उसके नाम सूर्य नमस्कार में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा। संदीप आर्य अभी तक 5 बार वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर उसे तोड़ चुके हैं और अब लगातार 37 घंटे सूर्य नमस्कार का नया रिकॉर्ड बनाया है। जिसे तोड़ना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। संदीप आर्य अब तक सूर्य नमस्कार में 4 बार रिकॉर्ड बनाकर तोड़ चुके है। पांचवां रिकॉर्ड 2024 में अंतर्राष्ट्रीय सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में 36 घंटे 21 मिनट का था, जिसे अब 37 घंटे सूर्य नमस्कार कर तो ?ने का काम किया है। इस रिकॉर्ड को तोड़ना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। संदीप आर्य का नाम सूर्य नमस्कार में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के कारण गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है। इसके साथ ही लिम्का बुक व अन्य कई जगहों पर रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। अब संदीप का नाम अमेरिका व लंदन की वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में भी दर्ज हो गया है। संदीप आर्य ने बताया कि एक सूर्य नमस्कार में 12 प्रकार की एक्सरसाइज होती है, जिन्हें एक के बाद एक किया जाता है। ऐसे ही लगातार 20 हजार सूर्य नमस्कार किए गए, जिसके बाद यह रिकॉर्ड कायम करने में कामयाब हुए है। इसके लिए गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल व योग गुरु स्वामी रामदेव ने भी बधाई दी है। 15 किलो वजन हो गया कम संदीप ने बताया कि सूर्य नमस्कार के लिए 6 से 8 घंटे रोजाना सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। इस माह 6 मई को मोटेरा गुजरात में सूर्य नमस्कार में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की प्रतियोगिता हुई, जिसमें अपने ही रिकॉर्ड को ब्रेक करते हुए नया रिकॉर्ड कायम किया। रिकॉर्ड बनाने के बाद उसका करीब 15 किलो वजन भी कम हो गया है। संदीप पर रिसर्च करेंगे पौलेंड के वैज्ञानिक संदीप ने बताया कि उसके लगातार 37 घंटे सूर्य नमस्कार के रिकॉर्ड को देखते हुए पौलेंड के वैज्ञानिकों का उसके पास मैसेज आ रहा है। पौलेंड के वैज्ञानिक ने सूर्य नमस्कार पर एक किताब लिखी है, लेकिन उसके रिकॉर्ड के बाद वह किताब अधूरी बता रहे हैं। इसलिए जुलाई के अंदर पौलेंड के वैज्ञानिक उस पर रिसर्च करने के लिए भारत आएंगे। संदीप के वर्ल्ड रिकॉर्ड एक नजर में संदीप ने वर्ष 2018 में 5 हजार लगातार सूर्य नमस्कार करके रिकॉर्ड बनाया, दूसरा रिकॉर्ड 8 हजार 788 सूर्य नमस्कार करके बनाया, तीसरा रिकॉर्ड 10 हजार बार सूर्य नमस्कार करके बनाया। इसी तरह संदीप ने चौथा वर्ल्ड रिकॉर्ड 12 हजार सूर्य नमस्कार करके तथा 5वां वर्ल्ड रिकॉर्ड 15 हजार सूर्य नमस्कार करके बनाया। उसने छठां 20 हजार लगातार सूर्य नमस्कार करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।




# दिल्ली में 42 साल बाद होगी आईएटीए की बैठक

**दुनिया के विमानन कंपनियों के दिग्गज दिखाई देंगे एक मंच पर**

नई दिल्ली

दिल्ली में 40 से ज्यादा वर्षों के बाद इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की 81वीं सालाना आम बैठक का आयोजन होगा। बताया जा रहा है कि 1 जून से आरंभ हो रहे तीन दिन के इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित कर सकते हैं। आईएटीए की इस बैठक में लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों, विमान निर्माताओं और विमानन क्षेत्र से जुड़ी अन्य कंपनियों के प्रमुख और शीर्ष अधिकारी शामिल होते हैं। इसमें वैश्विक विमानन क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाता है, इसीलिए विमानन उद्योग के लिए साल का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम माना जाता है। दुनिया की 350 से अधिक विमानन कंपनियां आईएटीए की सदस्य हैं और विमानन यातायात में उनकी 80 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी है। आईएटीए ने कहा है कि इन कंपनियों के मुख्य कार्य अधिकारियों (सीईओ), सरकारी अधिकारियों और पत्रकारों समेत करीब 1,700 प्रतिभागी दिल्ली में हो रहे सम्मेलन में शिरकत कर सकते हैं। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो इस बैठक की मेजबान है। इससे पहले भारत में यह बैठक 1983 में हुई थी। आईएटीए के महानिदेशक ने कहा कि पिछले एक दशक में वैश्विक विमानन क्षेत्र में भारत का कद काफी बदला है। देश में रिकॉर्ड संख्या में विमानों के ऑर्डर दिए गए हैं, जोरदार वृद्धि हुई है और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार हुआ है।' भारतीय विमानन उद्योग में 3,69,700 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका 5.6 अरब डॉलर का योगदान है। अप्रत्यक्ष रोजगार, विमानन के कारण मिलने वाले रोजकार और पर्यटन को जोड़ दें तो इस क्षेत्र से करीब 77 लाख नौकरी मिली हैं और जीडीपी में इसका योगदान 53.6 अरब डॉलर तक पहुंच जाता है, जो देश के कुल जीडीपी का 1.5 फीसदी है। देश के हवाई यात्रा बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारतीय विमानन कंपनियों ने साल 2023 से विमानों के कई बड़े ऑर्डर दिए हैं। फरवरी 2023 में टाटा के स्वामित्व वाले एयर इंडिया समूह ने 470 विमानों का ऑर्डर दिया था। समूह ने एयरबस को 250 विमानों और अमेरिकी हवाई जहाज कंपनी बोइंग को 220 विमानों को ऑर्डर दिया था। उसके चार महीने बाद जून में इंडिगो ने दुनिया का सबसे बड़ा विमान ठेका दे डाला।


## न्यूज़ ब्रीफ

### वर्ष 2030 तक भारत की जीडीपी में पर्यटन का 10 फीसदी योगदानः शेखावत




**नई दिल्ली।** पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सालाना कारोबार सम्मेलन में कहा कि भारत का पर्यटन क्षेत्र भी अन्य देशों की ही तरह 2030 तक देश की अर्थव्यवस्था में 10 फीसदी का योगदान कर सकता है। मंत्री ने कहा कि जीडीपी में पर्यटन के 10 फीसदी योगदान के साथ भारत वैश्विक मानकों के अनुरूप हो जाएगा। शेखावत ने आगे कहा कि हम विभिन्न पहलुओं में सुधार के नजरिये के साथ इस दिशा में काम कर रहे हैं। इसमें आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन शामिल है। सरकार ने ऐसी नीतियां भी तैयार की हैं जो पर्यटन के समग्र अनुभव को बेहतर बनाएं।' उन्होंने कहा कि उज्जैन के महाकाल कॉरिडॉर जैसे धार्मिक पर्यटन केंद्र ने एक महीने में 10 लाख से अधिक लोगों को आकर्षित किया है। भारत के घरेलू पर्यटक देश की पर्यटन संभावनाओं में अच्छा खासा योगदान कर सकते हैं, जबकि पहले अंतरराष्ट्रीय या विदेशी पर्यटकों पर बहुत अधिक निर्भरता थी।

### ओला का सालाना आधार पर घाटा बढ़कर 870 करोड़ हुआ



**मुंबई।** ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजे पेश किए थे। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का घाटा सालाना आधार पर 109 प्रतिशत बढ़कर 870 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 416 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 25 की मार्च तिमाही में कंपनी की ऑपरेशंस से आय सालाना आधार पर 61.8 प्रतिशत कम होकर 611 करोड़ रुपए रह गई है, जो कि एक साल पहले समान अवधि में 1,598 करोड़ रुपए थी। 2021 के अंत में अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की कमर्शियल डिलीवरी शुरू करने के बाद से यह कंपनी का सबसे खराब तिमाही प्रदर्शन है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी का घाटा 416 करोड़ रुपए था पूरे वित्त वर्ष 2025 के लिए ओला इलेक्ट्रिक की आय भी घटकर 4,645 करोड़ रुपए रह गई है, जो वित्त वर्ष 2024 में 5,126 करोड़ रुपए थी। हालांकि, कंपनी ने कहा कि वह अपनी आंतरिक लागत कटौती पहल 'प्रोजेक्ट लक्ष्य' के माध्यम से लागत दक्षता और मुनाफे की दिशा में काम कर रही है। कंपनी ने बताया कि ऑटो सेगमेंट के ऑपरेटिंग कॉस्ट स्ट्रक्चर को अप्रैल 2025 में पहले ही 121 करोड़ रुपए तक लाया जा चुका है, जिसका लक्ष्य जून 2025 तक 110 करोड़ रुपए है ।

### स्कूटर जुपिटर 125 का नया डुअल-टोन वैरिएंट लांच



**नई दिल्ली।** अपने लोकप्रिय स्कूटर जुपिटर 125 का नया डुअल-टोन वैरिएंट डीटी एसएक्सी टीवीएस मोटर ने लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसे 88,942 रुपये की एक्स-शोरूम कीमत पर पेश किया है। इस नए मॉडल को खास तौर पर बेहतर स्टाइलिंग और कनेक्टिविटी के साथ बाजार में उतारा गया है। नए वैरिएंट में दो आकर्षक डुअल-टोन रंग विकल्प - आइवरी ब्राउन और आइवरी ग्रे दिए गए हैं, जो स्कूटर को एक प्रीमियम लुक देते हैं। इसके अलावा, इसमें 3डी एम्बलम, डुअल-टोन इनर पैनल और बॉडी कलर रियर ग्रैब रेल भी शामिल है, जिससे स्कूटर की डिजाइन और अधिक स्टाइलिश हो गई है। कंपनी ने इस मॉडल में आधुनिक टेक्नोलॉजी का भी ध्यान रखा है। टीवीएस स्मार्ट कनेक्ट फीचर से लैस यह स्कूटर कॉल और एसएमएस अलर्ट, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, वॉयस कमांड और व्हीकल ट्रैकिंग जैसे स्मार्ट फीचर्स के साथ आता है, जो शहरी ग्राहकों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकते हैं। हालांकि पावरट्रेन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नए जुपिटर 125 में पहले जैसा ही 124.8सीसी का एयर-कूल्ड इंजन मिलता है, जो 8.7 बीएचपी की पावर और 11.1 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इस इंजन को सीवीटी यूनिट से जोड़ा गया है, जिससे स्मूद राइड का अनुभव मिलता है।

# इफको ने इस साल 365.09 लाख बोतल नैनो उर्वरकों की बेची, बनाया कीर्तिमान

**इफको जल्द नैनो जिंक, नैनो कॉपर और ग्रेन्युलर नैनो उत्पाद करेगा लॉन्च**

नई दिल्ली

**भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक और कीर्तिमान बनाते हुए 3,811 करोड़ रुपए का कर पूर्व लाभ अर्जित किया है। यह लगातार तीसरा साल है जब इफको ने 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का लाभ दर्ज किया है। इस साल नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें इफको नैनो डीएपी की बिक्री में 118 फीसदी अभूतपूर्व वृद्धि हुई।**

इफको ने इस साल कुल 365.09 लाख बोतल नैनो उर्वरकों की बेची, जो पिछले साल के 248.95 लाख बोतलों की तुलना में बड़ी वृद्धि है। नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी के उपयोग से न केवल किसानों को लाभ हुआ, बल्कि इससे परंपरागत उर्वरकों की खपत में भी उल्लेखनीय कमी आई है। संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि सहकार से समृद्धि का सपना इफको के प्रदर्शन के जरिए से साकार हो रहा है। इफको ने 23 सालों से लगातार 20 फीसदी लाभांश देकर अपने सदस्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित की है। इफको जल्द ही नैनो जिंक, नैनो कॉपर और ग्रेन्युलर नैनो एनपीके जैसे अत्याधुनिक उत्पादों को लॉन्च करेगा, जिससे कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ पोषण संतुलन भी सुनिश्चित होगा। यह पहल कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों जैसे ड्रोन, एआई और नैनो प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से कृषि और खाद्य मूल्य श्रृंखला को पूरी तरह से परिवर्तित कर रही है।

इफको ने देशभर में 203 मॉडल नैनो गांव परियोजनाएं शुरू की हैं, जिससे रासायनिक उर्वरकों की खपत में 28.73 फीसदी की कमी और फसल उत्पादकता में 5.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इफको अब इस परियोजना को कार्बन क्रेडिट प्रमाणन से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है। संस्था के प्रबंध निदेशक को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर रोचडेल पायनियर अवॉर्ड 2024 और भारत के उर्वरक पुरुष जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया है। जो इफको के योगदान को वैश्विक मान्यता प्रदान करता है।




## 2 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं निसान मैग्नाइट की



**नई दिल्ली ।** भारतीय बाजार में निसान इंडिया की सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी मैग्नाइट ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस कार की अब तक 2 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी है। हाल ही में कंपनी ने इसका सीएनजी वर्जन लॉन्च करते हुए इस मौके को और भी खास बना दिया है। अक्टूबर 2024 में फेसलिफ्ट के बाद आई नई मैग्नाइट में कई आधुनिक फीचर्स जोड़े गए हैं। नई मैग्नाइट की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6.14 लाख रुपये है। वहीं, रेट्रोफिटेड सीएनजी विकल्प इसके मानक पेट्रोल मॉडल की तुलना में करीब 75,000 रुपये महंगा है। कार में वायरलेस चार्जर, अराउंड व्यू मॉनिटर, आई-की, वॉक अवे लॉक और 60 मीटर दूर से रिमोट इंजन स्टार्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा क्लीन एयर के लिए एडवांस एयर फिल्टर और ऑटो डिम फ्रेमलेस आईआरवीएम इसे प्रीमियम फील देते हैं। मैग्नाइट में 1.0-लीटर नैचुरली ऐस्पिरेटेड पेट्रोल और 1.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के विकल्प मिलते हैं। इनमें से पहला इंजन 71 बीएचपी की पावर और 96 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है, जो 5-स्पीड एमटी और एएमटी के साथ आता है। वहीं टर्बो इंजन 6-स्पीड एमटी और सीवीटी ट्रांसमिशन विकल्प के साथ उपलब्ध है। कार में 6 एयरबैग्स, हीट इंसुलेशन कोटेड सीट्स, 360 डिग्री लेदर टच, 4 एम्बिएंट लाइटिंग और 540 लीटर का बूट स्पेस जैसी खूबियां इसे अपने सेगमेंट में एक खास पहचान देती हैं।

# इंडिगो को टर्की के समर्थन के दौरान लीज समझौते में समाप्ति का निर्देश




नई दिल्ली

**केंद्र सरकार ने इंडिगो एयरलाइन को टर्की के समर्थन के दौरान लीज समझौते को तीन महीने के भीतर खत्म करने का निर्देश दिया। इंडिगो ने टर्की की सेलेबी एविएशन के साथ दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर ले रखे थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इसे 31 अगस्त तक का विस्तार किया है ताकि यात्रियों को असुविधा से बचाया जा सके। मंत्रालय ने दिखाया कि यह अनुमति अंतिम है और इंडिगो को इन विमानों का परिचालन नियामक ढांचे की पूरी तरह से अनुपालन करने की आवश्यकता है।**

**इंडिगो ने टर्की की सेलेबी एविएशन के साथ दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर ले रखे थे**

पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की के पाकिस्तान के साथ खड़े होने के बाद केंद्र ने 15 मई को तुर्की की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा था, तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। मौजूदा हालात को देखते हुए यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए देश में सेलेबी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद तुर्की ने पाकिस्तान के साथ एकजुटता व्यक्त की थी। भारत द्वारा पड़ोसी देश में प्रमुख आतंकी ठिकानों पर हमला करने के बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले में तुर्की के ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि एयरलाइन टर्किश एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए विमानों के साथ अपने परिचालन को नियंत्रित करने वाले सभी नियामक ढांचे का पूरी तरह से अनुपालन कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इन पट्टों के नवीनीकरण का निर्णय केंद्र सरकार करेगी।

## एक्सयूवी700 ने किया 2.5 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार



भारतीय बाजार में महिंद्रा की प्रीमियम एसयूवी एक्सयूवी700 की मांग बढ़ती जा रही है। वित्त वर्ष 2025 की शुरुआत में इस मॉडल ने 2.5 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। मई 2025 में एक्सयूवी700 के पेट्रोल और डीजल दोनों वैरिएंट्स पर अधिकतम 1 महीने का वेटिंग पीरियड है। मार्च 2025 में कई वेरिएंट्स पर सिर्फ 2 हफ्ते का वेटिंग टाइम था, लेकिन अब यह लगभग सभी मॉडल्स के लिए एक समान रूप से बढ़ा है। हालांकि, कुछ खास वेरिएंट्स जैसे ईएसपी फीचर, 6-सीटर लेआउट या डुअल-टोन एक्सटीरियर वाले मॉडलों के लिए कोई तय वेटिंग टाइम नहीं बताया गया है। महिंद्रा ने हाल ही में एक्सयूवी700 का एबोनी एडिशन लॉन्च किया है, जो इस फ्लैगशिप आईसीई एसयूवी का अंतिम अपडेट माना जा रहा है।

# वायरलेस उपकरणों की अनधिकृत बिक्री पर सीसीपीए की कार्रवाई

**बिना लाइसेंस के वॉकी-टॉकी की ऑनलाइन बिक्री होगी प्रतिबंधित**



नई दिल्ली


केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने वायरलेस उपकरणों की अनधिकृत बिक्री पर लगाई रोक। उसने ई-कॉमर्स कंपनियों को वॉकी-टॉकी सहित रेडियो उपकरण बेचने पर नियामकीय अनुपालन के बगैर नोटिस जारी किए। दिशानिर्देशों में व्यवधान उत्पन्न करने वाले उपकरणों की बिक्री पर जुर्माने तथा कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर लगातार नजर रखी जाएगी और अवैध उपकरणों की बिक्री को रोकने के लिए कठोर कार्रवाई की जाएगी। सीसीपीए ने कई प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों को इस मामले में नोटिस जारी किये हैं जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 का उल्लंघन कर रहे थे। इस कार्रवाई से उपभोक्ताओं की सुरक्षा विशेष ध्यान में रखा गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि ये दिशानिर्देश उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले, अपनी कानूनी स्थिति के बारे में उपभोक्ताओं को बहकाने वाले, कानून प्रवर्तन तथा आपात सेवाओं समेत जरूरी सेवाओं के लिए इस्तेमाल हो रहे नेटवर्क में व्यवधान उत्पन्न करने वाले वायरलेस उपकरणों की अनधिकृत बिक्री पर रोक लगाने के लिए जारी किए गए हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# देश का आतिथ्य सेवा उद्योग चमका, पहली तिमाही में जोरदार कमाई की

**बेंगलूरु में राजस्व में सबसे ज्यादा 38.3 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई**

नई दिल्ली

देश का आतिथ्य सेवा उद्योग की चमक बढ़ रही है क्योंकि साल की पहली तिमाही में होटलों को कमरों से ज्यादा आय हासिल हुई है। बेंगलूरु में कमरों का किराए में सबसे अधिक बढ़ोतरी हुई है और इस दौरान देश भर में होटलों में लगभग 9,500 कमरे भी जुड़े हैं। एक संपत्ति सलाहकार फर्म के अनुसार होटल उद्योग को जनवरी-मार्च 2024 की तुलना में इस बार जनवरी-मार्च तिमाही में प्रत्येक उपलब्ध कमरे से 16.3 फीसदी अधिक राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें 2024 की चौथी तिमाही की तुलना में भी 8 फीसदी इजाफा हुआ। बेंगलूरु में इस राजस्व में सबसे ज्यादा 38.3 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई, जो एरो इंडिया 2025 के आयोजन का नतीजा थी। दिल्ली में किराया 26.2 फीसदी तथा मुंबई में 21.3 फीसदी बढ़ा, जबकि चेन्नई में 18.7 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई। हैदराबाद में कमरों की बुकिंग थोड़ी घटी मगर औसत दैनिक किराय बढ़ने के कारण प्रति कमरा राजस्व 15.1 फीसदी बढ़ गया। आंकड़े बताते हैं कि पहली तिमाही में महाराष्ट्र में 836 कमरों के साथ सबसे अधिक ब्रांडेड होटल खोले गए, जबकि कर्नाटक में 1,352 कमरों के साथ सबसे अधिक ब्रांडेड होटल खोलने के करार हुए। तिमाही के दौरान 9,478 कमरे वाले 79 होटलों के लिए करार हुए। ये 3,253 कमरे वाले उन 31 ब्रांडेड होटलों के अलावा थे, जो खुल चुके हैं।



## पॉपुलर हैचबैक टाटा अल्ट्रॉज के फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में टाटा मोटर्स ने अपनी पॉपुलर हैचबैक टाटा अल्ट्रॉज के फेसलिफ्ट वर्जन को लॉन्च कर दिया है। इस फेसलिफ्ट वर्जन में एक्सटीरियर को रिफ्रेश किया गया है। फ्रंट एंड में डे-टाइम रनिंग लाइट्स, फुल-एलईडी स्प्लिट हेडलाइट्स, नया ग्रिल और नया बम्पर डिजाइन दिया गया है। इसके अलावा, फ्लश-फिटिंग इल्यूमिनेटेड डोर हैंडल और नए 16-इंच के 5-स्पोक अलॉय व्हील्स कार को और प्रीमियम बनाते हैं। इंटीरियर की बात करें तो कार में क्लीन डैशबोर्ड के साथ 10.25-इंच का ऑल-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है। साथ ही इलेक्ट्रिक सनरूफ, क्रूज कंट्रोल, ऑटोमैटिक एसी कंट्रोल, रियर एसी वेंट्स, एम्बिएंट लाइटिंग और 360-डिग्री कैमरा जैसे फीचर्स भी शामिल हैं। पावरट्रेन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अल्ट्रॉज फेसलिफ्ट में वही 1.2-लीटर पेट्रोल, 1.5-लीटर डीजल और सीएनजी इंजन विकल्प दिए गए हैं। अल्ट्रॉज अब भी देश की इकलौती हैचबैक है जिसे ग्लोबल एनसीएपी से 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। कंपनी ने फेसलिफ्ट मॉडल में 6 एयरबैग्स को स्टैंडर्ड बना कर इसे और सुरक्षित बना दिया है।

# बंगाल प्रो टी20 लीग : सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने सीजन 2 के लिए किया पुरुष टीम का ऐलान

कोलकाता

**सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने जून में होने वाले बंगाल प्रो टी20 लीग सीजन 2 के लिए हाल ही में आयोजित खिलाड़ियों के ड्राफ्ट के बाद एक मजबूत पुरुष टीम की घोषणा की है। टीम प्रबंधन ने 7 टेस्ट मैच खेलने वाले व आखिरी सीजन में भी टीम के मार्की खिलाड़ी रहे आकाश दीप को बरकरार रखा है।**

हाल ही में सर्वोटेक स्पोर्ट्स से मेंटर के रूप में जुड़े अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हमने अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं के संयोजन से एक संतुलित टीम तैयार की है। इस अनुभव और युवा जोश का मिश्रण हमें हर परिस्थिति में ढलने और पूरे आत्मविश्वास से मुकाबला करने की क्षमता प्रदान करता है।

टीम संयोजन पर विश्वास जताते हुए सर्वोटेक स्पोर्ट्स के निदेशक ऋषभ भाटिया ने कहा, हमने ऐसी टीम चुनी है जो चुनौतियों का सामना करते हुए दबाव में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। मुझे विश्वास है कि यह टीम एक शानदार प्रतिस्पर्धी बनकर उभरेगी और हमें गर्व महसूस कराएगी।

पूरे उत्तर बंगाल की खेल भावना को समेटे सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, अलीपुरद्वार और कालिम्पोंग जिलों का प्रतिनिधित्व करती है। सीजन 1 में मजबूत नींव रखने के बाद, फ्रेंचाइजी का मकसद इस वर्ष अपने प्रदर्शन को और ऊंचाई पर ले जाने का है।

बंगाल प्रो टी20 लीग सीजन 2 की पुरुष प्रतियोगिताएं 11 जून से ईडन गार्डन्स में शुरू होंगी, जिसमें पिछले सीजन की संयुक्त विजेता टीमें सोबिस्को स्मैशर्स मालदा और मुर्शिदाबाद किंग्स रात 8 बजे आमने-सामने होंगी। सेमीफाइनल मुकाबले 26 जून को ईडन गार्डन्स में डबल-हेडर के रूप में खेले जाएंगे, जिनका समय दोपहर 1 बजे और रात 7 बजे होगा, जबकि फाइनल मुकाबला 28 जून को शाम 7 बजे से संपन्न होगा।

वहीं महिला लीग की शुरुआत 12 जून को डबल-हेडर मुकाबलों के साथ होगी। पिछले सीज़न की उपविजेता मुर्शिदाबाद कुइन्स सुबह 9 बजे हार्बर डायमंड्स से भिड़ेगी। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे गत विजेता लक्स श्याम कोलकाता टाइगर्स का मुकाबला सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स से होगा। महिला लीग में 25 जून तक रोज़ाना डबल-हेडर मुकाबले होंगे, सेमीफाइनल्स 27 जून को साल्ट लेक के जादवपुर यूनिवर्सिटी कैंपस में खेले जाएंगे और फाइनल 28 जून को दोपहर 1:30 बजे ईडन गार्डन्स में होगा।

**सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की पुरुष टीम:**

आकाश दीप, सूरज सिंधु जायसवाल, विकास सिंह, तरुण गोदारा, अंकुर पॉल, शुभम चटर्जी, नुरुद्दीन मंडल, इरशाद आलम, अंकुश त्यागी, सौरव पॉल, मिथिलेश दास, राजू हलदर, पवन, लोकेश, आदित्य सिंह, शिवम भारती, सचिन यादव, अनुस्तुप मजूमदार।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वर्ल्ड बॉक्सिंग: सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बॉक्सरों के लिए अनिवार्य होगी जेंडर टेस्टिंग



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड बॉक्सिंग ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह अपने सभी टूर्नामेंट्स में भाग लेने वाले पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य जेंडर टेस्टिंग (लिंग परीक्षण) लागू करेगा। अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग महासंघ ने यह फैसला उस विवाद के बाद लिया है, जो पिछले साल पेरिस ओलंपिक में अल्जीरिया की महिला गोल्ड मेडलिस्ट इमान खलीफ समेत कुछ खिलाड़ियों को लेकर हुआ था। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने कहा कि उसने अल्जीरियाई बॉक्सिंग फेडरेशन को सूचित कर दिया है कि अगर इमाने खलीफ नीदरलैंड्स में 5 से 10 जून के बीच होने वाले आइंधोवन बॉक्स कप में हिस्सा लेना चाहती हैं, तो उन्हें पहले लिंग परीक्षण से गुजरना होगा। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने अपने बयान में कहा,वर्ल्ड बॉक्सिंग ने अल्जीरियाई बॉक्सिंग फेडरेशन को पत्र लिखकर सूचित किया है कि इमान खलीफ को तब तक महिला वर्ग में आइंधोवन बॉक्स कप या किसी भी वर्ल्ड बॉक्सिंग इवेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक वह जेंडर टेस्ट नहीं करवा लेतीं। गौरतलब है कि वर्ल्ड बॉक्सिंग 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा।

### आईपीएल 2025 में गुजरात का सफर समाप्त, मुंबई ने 20 रन से हराया



**न्यू चंडीगढ़।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स को 20 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली टीम क्वालिफायर-2 में पहुंच गई है। क्वालिफायर 2 में मुंबई का पंजाब किंग्स से होगा समाना अब उसका सामना एक जून को अहमदाबाद में पंजाब किंग्स से होगा। शुक्रवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 228 रन बनाए। जवाब में गुजरात निर्धारित ओवरों में छह विकेट खोकर सिर्फ 208 रन बना पाई और यह मुकाबला 20 रन से हार गई। गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 80 रन बनाए। लक्ष्य पीछा करने उतरी गुजरात टीम की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। कप्तान शुभमन गिल सिर्फ एक रन बना पाए। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद क्रीज पर आए कुसल मेंडिस हिट विकेट होकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ 34 गेंदों में 64 रनों की साझेदारी निभाई। इसमें मेंडिस का 20 रनों का योगदान रहा। फिर सुदर्शन को वाशिंगटन सुंदर का साथ मिला। दोनों के बीच 44 गेंदों में 84 रनों की साझेदारी हुई। सुंदर ने 48 और सुदर्शन ने 80 रन बनाए। वहीं, रदरफोर्ड ने 24, शाहरुख खान ने 13 रन बनाए। राहुल तेवतिया 16 और राशिद खान खाता खोले बिना नाबाद रहे। मुंबई इंडियंस के लिए ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन, मिचेल सैंटनर और अश्विनी कुमार ने एक-एक विकेट झटके।

### जमशेदपुर के फैन पार्क में मनेगा आईपीएल का जश्न, बड़े पर्दे पर लोग लेंगे मजा



**जमशेदपुर।** आईपीएल 2025 अब समापन की ओर है। वहीं क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह फाइनल मैच को लेकर चरम पर है। इस बीच जमशेदपुर के खेल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है कि इस बार फिर से एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान पर एक विशाल आईपीएल फैन पार्क आयोजित किया जा रहा है। यहां लोग बड़े पर्दे पर एलिमिनेटर और फाइनल मैच का देख सकेंगे। जमशेदपुर के फैन पार्क की खासियत यह है कि यहां 32गुणा18 फीट की भव्य एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है, जिस पर आईपीएल का लाइव प्रसारण देखा जा सकेगा। पार्क में फ्री रहेगी एंट्री, बच्चों के लिए नॉमिनल प्राइज पर गेमिंग व फूड जोन आयोजन टीम के सदस्य ने बताया कि एलिमिनेटर वन 1 जून और फाइनल 3 जून के मैच यहां दिखाए जाएंगे। पिछले साल भी इस आयोजन को लोगों का भरपूर समर्थन मिला था। करीब 20000 दर्शक इसमें शामिल हुए थे। इस बार आयोजकों का अनुमान है कि 30000 से 35000 लोग दोनों दिन पहुंच सकते हैं, जिसके लिए खास तैयारियां की गई हैं। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि इसमें एंट्री पूरी तरह से फ्री है। जहां शाम 5:30 बजे से फैन पार्क के गेट दर्शकों के लिए खोल दिए जाएंगे।

# भरत अरुण श्रीलंका में चलाएंगे तेज गेंदबाजों के लिए दो हफ्ते का स्पेशल कोचिंग कैंप

नई दिल्ली

भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण अब श्रीलंका के शीर्ष क्रिकेटरों को ट्रेनिंग देने वाले भारतीय कोचों की श्रृंखला में नया नाम बन गए हैं। वे 2 जून से शुरू होने वाले 14 दिन के विशेष कोचिंग प्रोग्राम का संचालन करेंगे, जिसका उद्देश्य श्रीलंका के जूनियर और सीनियर स्क्वॉड्स के तेज गेंदबाजों के स्तर को ऊंचा उठाना है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि यह प्रोग्राम हाई परफॉर्मेंस सेंटर में आयोजित किया जाएगा और इसका नेतृत्व भरत अरुण करेंगे, जो 2014 से 2021 तक भारतीय पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं।



**पहले भी भारतीय कोचों ने निभाई अहम भूमिका** - इससे पहले मई में भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने श्रीलंका में 10 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया था। वहीं पिछले साल राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर जुबिन भरूचा ने भी श्रीलंका में एक शॉर्ट बैटिंग कोचिंग प्रोग्राम का संचालन किया था। ये सभी पहल सनथ जयसूर्या के मुख्य कोच कार्यकाल के दौरान हुई हैं।

**भरत अरुण किन-किन टीमों के साथ काम करेंगे** - एसएलसी के मुताबिक भरत अरुण, श्रीलंका की राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीम, महिला ए टीम, अंडर-19 पुरुष टीम, और हाई परफॉर्मेंस सेंटर के कोचों, क्लब व प्रांतीय कोचों, और कोच-एजुकेटर्स के साथ काम करेंगे। वे रेड-बॉल और व्हाइट-बॉल पुरुष टीमों के साथ अलग-अलग रणनीतिक सेशन, तेज गेंदबाजों के लिए तकनीकी और कौशल आधारित ट्रेनिंग, वीडियो व प्रदर्शन विश्लेषण सत्र, और मैच सिचुएशन आधारित गेम समझ विकसित करने वाली गतिविधियाँ संचालित करेंगे।

**श्रीलंका टीम का फिलहाल हल्का शेड्यूल** - फिलहाल श्रीलंका पुरुष टीम का इंटरनेशनल शेड्यूल बेहद हल्का है। अगले मई तक उन्हें केवल दो टेस्ट मैच खेलने हैं और वे इस साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर पाए हैं।

### इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की मजबूत शुरुआत, करुण नायर ने ठोका नाबाद शतक, सरफराज खान शतक से चुके

**नई दिल्ली।** भारत ए के अनुभवी बल्लेबाज़ करुण नायर ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को नाबाद शतक जड़कर इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाले टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में अपनी दावेदारी पेश की है। नायर ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज़ में बल्लेबाजी की और दिन का खेल खत्म होने तक नाबाद रहे। जल्दी गिरे विकेट, नायर ने संभाली कमान मैच की शुरुआत में ही भारत ए को बड़ा झटका तब लगा जब कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन महज़ 8 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद छठे ओवर में बल्लेबाज़ी के लिए उतरे नायर ने शुरुआत में ही एक बाउंड्री लगाकर अपने इरादे साफ कर दिए। यशस्वी जायसवाल ने कुछ देर साथ निभाया और एक शानदार छक्का भी जड़ा, लेकिन वह 24 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। सरफराज के साथ 181 रनों की साझेदारी इसके बाद करुण नायर को सरफराज खान का साथ मिला और दोनों ने मिलकर इंग्लैंड लायंस के गेंदबाज़ों पर दबाव बनाना शुरू किया। दोनों बल्लेबाज़ों ने तेज़ी से रन बनाए और स्कोरबोर्ड को लगातार आगे बढ़ाते रहे। जब दोनों खिलाड़ी 90 के करीब थे, तभी लायंस को सफलता मिली और सरफराज 92 रन पर आउट हो गए। उनकी और नायर की साझेदारी 181 रनों की रही। जुरेल के साथ एक और बड़ी साझेदारी सरफराज के आउट होने के बाद करुण नायर ने विकेटकीपर बल्लेबाज़ ध्रुव जुरेल के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने अगले 34 ओवरों तक कोई और विकेट नहीं गिरने दिया और लायंस की गेंदबाज़ी की कमर तोड़ दी। आईपीएल के बाद कम समय में ही मैदान में उतरे इन दोनों बल्लेबाज़ों ने थकान को दरकिनार कर ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी की। नायर 186 और जुरेल 82 रन पर नाबाद** करुण नायर और ध्रुव जुरेल के बीच 177 रनों की नाबाद साझेदारी हुई और भारत ए ने दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट पर 409 रन बना लिए। नायर 186 रन पर नाबाद हैं और अब वह अपने दोहरे शतक के बेहद करीब हैं। वहीं जुरेल ने भी 82 रनों की नाबाद पारी खेली। दिन का खेल खत्म होना पर भारत ए ने 3 विकेट पर 409 रन बना लिए हैं।

# एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप : अनिमेष कुजूर ने 200 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर जीता कांस्य

गुमी

**भारत के युवा धावक अनिमेष कुजूर ने शनिवार को एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ 20.32 सेकंड में पूरी करका राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) अपने नाम किया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की, बल्कि भारत के लिए एथलेटिक्स के इतिहास में भी एक नई उपलब्धि जोड़ दी।**



इस साल की शुरुआत में फेडरेशन कप के दौरान अनिमेष ने 20.40 सेकंड का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। अब उन्होंने उस रिकॉर्ड को और बेहतर करते हुए नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। अनिमेष कुजूर भारत के लिए एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के इतिहास में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में पदक जीतने वाले केवल दूसरे धावक बने हैं। इससे पहले धर्मबीर सिंह ने 2015 में इस इवेंट में भारत के लिए मेडल जीता था।

**भारत अब तक जीत चुका है 19 मेडल**

इस मेडल के साथ भारत ने इस चैंपियनशिप में अब तक कुल 19 पदक जीत लिए हैं, जिसमें 8 गोल्ड, 7 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। मेडल तालिका में भारत दूसरे स्थान पर है, जबकि चीन पहले स्थान पर काबिज है।

### लिवरपूल ने मेडिकल पूरा होने पर डच खिलाड़ी फ्रिम्पोंग से किया अनुबंध

**लिवरपूल।** लिवरपूल ने बायर लीवरकुसेन से डच खिलाड़ी जेरेमी फ्रिम्पोंग के साथ अनुबंध किया है। नए कोच आर्ने स्लॉट के आने के बाद क्लब का पहला बड़ा अनुबंध है। 24 साल के राइट-विंग-बैक ने ट्रेनिंग सेंटर में सफलतापूर्वक मेडिकल पूरा करने के बाद दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। फ्रिम्पोंग ने कहा कि यह काफी आसान रहा। लिवरपूल ने दिलचस्पी जाहिर की थी और यह मेरे लिए बड़े अवसर की तरह था। विंग-बैक ने कहा कि मेरे लिए यह ऐसा था कि आप लोग किसी भी तरह, बस इसे पूरा करें। लिवरपूल के प्रशंसकों को मैं अपना सब कुछ देने जा रहा हूं, और उम्मीद है कि हम एक साथ जीतेंगे, एक साथ जश्न मनाएंगे, सब कुछ एक साथ करेंगे। फ्रिम्पोंग ने बेयर लीवरकुसेन के 2023-24 के अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। अपने साढ़े चार साल में 190 मैचों में 30 गोल किए थे और 44 गोलों में मदद की थी। जाबी अलोंसो के नेतृत्व में, फ्रिम्पोंग ने क्लब को एक अपराजित बुंडेसलीगा खिताब और डीएफबी-पोकल हासिल करने में मदद की, और उनके उल्लेखनीय 51-गेम अपराजित लकीर ने आखिरकार यूईएफए यूरोपा लीग के फाइनल के साथ अपना समापन किया।

### हेजलवुड को आईपीएल का लाभ डब्ल्यूटीसी फाइनल में मिलने की उम्मीद



ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कंधे की चोट से उबरने के बाद आईपीएल में अच्छी वापसी की है जबकि कई अन्य खिलाड़ी अगले माह होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए स्वदेश लौट गये है। वहीं हेजलवुड का मानना है कि लय हासिल करने के लिए मैच खेलना सबसे अच्छा होता है। उनका ये भी कहना है कि इससे उन्हें (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में सहायता मिलेगी। हेजलवुड ने वापसी के बाद भी शानदार गेंदबाजी की है। पहले क्वालीफायर में ही इस गेंदबाज ने 3.1 ओवर में 21 रन पर तीन विकेट लेकर अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत में भी अहम भूमिका निभाई है। हेजलवुड के इस प्रदर्शन से पता चलता है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए उनकी तैयारी बेहतर होती जा रही है। आरसीबी के लिए एक माह के बाद मैदान में उतरे हेजलवुड ने कहा, 'मुझे गेंदबाजी करनी है, आप जानते हैं कि मैं दुनिया में कहीं भी रहूं, मुझे उस डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए तैयार होने के लिए गेंदबाजी करनी है। मुझे लगता है कि तैयारी के लिए मैदान पर खेलने से अच्छी कोई जगह नहीं है। ये सही है कि आपको अधिक गेंदबाजी करनी होगी और टेस्ट के लिए समय-समय पर अधिक घंटे प्रशिक्षण लेना होगा। मैच के लिए लय हासिल करने के लिए आईपीएल से बेहतर कोई जगह कोई और नहीं है। हेजलवुड को टेस्ट प्रारुप का गेंदबाज माना जाता था पर उन्होंने टी20 प्रारूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है।

# फ्रेंच ओपन 2025 : स्वियातेक चौथे राउंड में पहुंचीं राइबाकिना और पाओलिनी ने भी किया शानदार प्रदर्शन

पेरिस

मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन 2025 के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है। पोलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने शुक्रवार को रोमानिया की जैक्लेलिन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। छठे दिन पेरिस की गर्मी ने खिलाड़ियों की परीक्षा जरूर ली, लेकिन स्वियातेक ने पहले सेट में बेहतरीन खेल दिखाते हुए दो ब्रेक की मदद से 6-2 से जीत हासिल की। उन्होंने इस सेट के बाद खुद को बर्फीले टॉवल से ठंडक पहुंचाई और पूरी तरह से तैयार दिखीं।



दूसरे सेट में क्रिस्टियन ने बेहतरीन टक्कर दी और 4-4 की बराबरी तक मैच को ले गईं। कोर्ट सुसान लैंग्लेन पर खेला गया यह मुकाबला दोनों खिलाड़ियों के दमदार शॉट्स से भरपूर रहा। स्वियातेक ने 12वें गेम में तीन ड्यूस के बाद अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए सेट और मैच दोनों अपने नाम किया।

स्वियातेक ने कहा, मैं खुश हूं कि आखिरी गेम में मैं बेहद सॉलिड रही और कोई फ्री पॉइंट नहीं दिया। यह एक शानदार मुकाबला था और हम दोनों ने अच्छा खेल दिखाया।

**राइबाकिना की दमदार जीत**

कजाखस्तान की 12वीं वरीय एलेना राइबाकिना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-2 से हराया। क्ले कोर्ट पर राइबाकिना की यह जीत उनके बेहतरीन फॉर्म का संकेत है। उन्होंने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड विनर के साथ मुकाबला समाप्त कर दिया।

**पाओलिनी ने सीधे सेटों में मारी बाजी**

इटली की चौथी वरीय जैस्मिन पाओलिनी ने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुब्त्सेवा को आसानी से सीधे सेटों में हराया। पिछले साल की फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट पाओलिनी अपने अगले मुकाबले में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना या अमेरिका की बर्नाडा पेरा से भिड़ेंगी।

# मुंबई सिटी ने बिपिन सिंह के सम्मान में जर्सी नंबर 29 को रिटायर करने का किया फैसला

मुंबई

**मुंबई सिटी एफसी ने पुष्टि की है कि विंगर बिपिन सिंह का क्लब के साथ अनुबंध 31 मई 2025 को समाप्त हो गया है और वह अब टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे। क्लब ने उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करते हुए उनकी जर्सी नंबर 29 को हमेशा के लिए रिटायर करने का फैसला किया है। मणिपुर से ताल्लुक रखने वाले बिपिन सिंह ने 2018 में शिलॉन्ग लाजोंग और एटीके जैसे क्लबों में खेलकर अनुभव हासिल करने के बाद मुंबई सिटी से जुड़ाव बनाया था।**

इसके बाद वह क्लब के इतिहास के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक बन गए।

बिपिन ने मुंबई सिटी के साथ रहते हुए दो बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) कप और दो बार लीग शील्ड अपने नाम की। उन्होंने क्लब के लिए कई अहम मौकों पर निर्णायक प्रदर्शन किए। बिपिन सिंह 2020-21 के ऐतिहासिक सीजन में टीम के अहम सदस्य थे, जब मुंबई सिटी एफसी आईएसएल इतिहास में पहली बार कप और शील्ड दोनों जीतने वाली टीम बनी। फाइनल में एटीके मोहन बागान के खिलाफ उनका विजयी गोल आईएसएल के इतिहास में सबसे यादगार पलों में गिना जाता है।




बिपिन ने 2023-24 में दूसरा आईएसएल कप भी अपने नाम किया। फाइनल में एक और शानदार गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। 2022-23 में टीम के लीग शील्ड जीतने वाले दल का भी वह हिस्सा रहे।

बिपिन सिंह ने 158 मैचों में 28 गोल किए और इस तरह वह मुंबई सिटी एफसी के इतिहास में सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए।

बिपिन ने भावुक विदाई संदेश में कहा, अलविदा कहना आसान नहीं है, लेकिन मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं। मुंबई सिटी पिछले सात सालों में मेरा घर रहा है और इस क्लब ने मुझे सब कुछ दिया। फैंस, साथियों, स्टाफ और हर उस व्यक्ति का शुक्रिया जो इस सफर का हिस्सा रहा। मुंबई सिटी हमेशा मेरे दिल में रहेगा।

मुंबई सिटी के सीईओ कंदर्प चंद्रा ने कहा, बिपिन का सफर मुंबई सिटी के साथ बेहद खास रहा है। उन्होंने मैदान पर और बाहर दोनों जगह अपना गहरा प्रभाव छोड़ा है। उनका फैनबेस से जुड़ाव और क्लब के लिए उनकी प्रतिबद्धता अतुलनीय रही है। हम उनकी जर्सी नंबर 29 को रिटायर कर उनका सम्मान करते हैं और वह हमेशा मुंबई सिटी परिवार का हिस्सा रहेंगे।

मुंबई सिटी के फुटबॉल डायरेक्टर सुजय शर्मा ने कहा, बिपिन हमारे क्लब के सबसे ऐतिहासिक पलों में एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। उनके गोल और सकारात्मक टीम भावना ने टीम को कई बार जीत दिलाई। हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं और उनके अगले अध्याय के लिए उन्हें और उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हैं।



**पेरैंटहुड से आप कभी रिटायर नहीं होते। पेरैंटेहुड जीवन भर का काम है, इसमें कोई पैंशन नहीं होती। जब आपके बच्चे 40 वर्ष के हो जाते हैं और आगे उनके भी बच्चे हो जाते हैं तब भी आपके बच्चे आपकी मृत्यु तक आपके लिए 18 वर्ष के ही रहते हैं। उन्हें हमेशा आपकी स्वीकृति तथा हमदर्दी की जरूरत रहेगी।**



# बिना शर्त करें बच्चों से प्यार

पूरे घर में शांति का माहौल है। आपके बच्चे कालेज, जॉब्स या विवाह कर चुके हैं। आप आशा करते हैं कि आपके बच्चे खुश होंगे, वे अच्छा कर रहे होंगे और सही राह पर चल रहे होंगे। फिर भी आप बीते समय के माता-पिता नहीं होंगे, पेरैंटहुड से आप कभी रिटायर नहीं होते। पेरैटेहुड जीवन भर का काम है, इसमें कोई पैंशन नहीं होती। जब आपके बच्चे 40 वर्ष के हो जाते हैं और आगे उनके भी बच्चे हो जाते हैं तब भी आपके बच्चे आपकी मृत्यु तक आपके लिए 18 वर्ष के ही रहते हैं। उन्हें हमेशा आपकी स्वीकृति तथा हमदर्दी की जरूरत रहेगी।

## बदलती भूमिकाएं

परिवर्तन जीवन का सार है। आप अपनी जॉब पर सर्वाधिक जूनियर से लेकर कंसल्टैंट तक अपनी भूमिका बदल चुके हैं। आपके जीवन साथी के साथ आपका रिश्ता विकसित, परिवर्तित होता है और आगे बढ़ता है इसलिए भी आपके बच्चों के साथ आपका रिश्ता तब उतार-चढ़ावों से गुजरता है जैसे-जैसे वे कानूनी तौर पर वयस्क होते जाते हैं। 'बिग बॉस' होने के कई वर्ष बाद बच्चों के साथ एक वयस्क रिश्ता रखना मुश्किल होता है।

## पीछे की ओर कदम

आपके पास अपने बच्चे के पथ को आलोकित करने वाली मार्गदर्शक रोशनी बनने के लिए 21 से अधिक वर्ष थे। यदि उन्होंने आपके मूल्य-मान्यताओं को नहीं अपनाया है तो अभी से आपको उन्हें बताना होगा कि क्या करना है। आप उनके विकास के वर्षों में उनके रोल मॉडल रहे हैं। अब वक्त उनके पंख फैलाने का, उनकी जिंदगी में किताबें, अनुभव तथा अन्य लोगों को शामिल करने का है। वे क्या सीखते हैं, कैसे सीखते हैं, कहां से सीखते हैं और किसके साथ सीखते हैं, इसका चुनाव करने के लिए आपको उन्हें उनके पैरों पर खड़े होने देना चाहिए। आपने उन्हें जो सिखाया है उसे व्यवहार में लाने को कहें। यदि आप उनकी ई-मेल्स या फेसबुक अकाऊंट पर नजर रखते हैं, उनकी लेट नाइट पार्टियों के निमंत्रणों और दोस्तों को बहुत निर्दयता से नकार देते हैं, तो इसका अर्थ यह है कि आप उन्हें बता रहे हैं कि वे अपनी खुद की जिंदगी नहीं चला सकते।

## बच्चों से अपेक्षा न करें

जब आप अपने बच्चों से सहायता की अपेक्षा करते हैं तो या तो आप अपने बच्चों से झूठ बोल रहे होते हैं या फिर आप उन्हें भावनात्मक तौर पर ब्लैकमेल कर रहे होते हैं। इस प्रकार वे दोषी महसूस करते हैं। यह एक ऐसी बात है जो आपको बच्चे के साथ नहीं करनी चाहिए। जैसे-जैसे वे बड़े होते जाते हैं वे बड़ी चीजों के लिए आपकी जरूरत महसूस करेंगे। आपको इस बात पर गर्व होना चाहिए कि संकट के समय आप अपने बच्चे के लिए पहले व्यक्ति हैं जिन्हें वह सहायता के लिए पुकारता है। बच्चों की सहायता करने वाला बनने से भावनात्मक संतोष मिलता है। इसके साथ ही प्यारा, स्वतंत्र तथा जिम्मेदार बच्चा बनाने की प्राप्ति की भावना भी आपके मन में जगती है।

## निर्णय लेने में सहायता करें

यदि आपसे किसी बात पर आपका मत पूछा जाए चाहे यह जीवनसाथी के बारे में हो या कॉलेज के किसी कोर्स के बारे में, अपना मत अवश्य दें। उन्हें प्रवचन न दें और न ही उनका मजाक उड़ाएं। आपके बच्चे को इस बात का विश्वास होना चाहिए कि एक संवेदनशील उत्तर के लिए वह आप पर निर्भर कर सकता है।

## उनके लिए हमेशा मौजूद रहें

जब आपके बच्चे छोटे थे तो जिस प्रकार आप उन्हें चूमते या दुलारते थे, उस प्यार का प्रदर्शन करना कभी भी बंद न करें। आप हमेशा उनके कंधों पर बांहें रख सकते हैं, उन्हें गले लगा सकते हैं और साधारण शब्दों में उन्हें आई लव यू कह सकते हैं। उनके साथ बिना शर्त प्यार करें। किसी भी प्रकार की उपलब्धि हासिल करने पर अपने बच्चों का स्वागत करें।

# ...ताकि मेकअप न लगे 'मेडअप'

**मेकअप किसी भी महिला का मेकओवर कर उसे खूबसूरत बना सकता है। सही तरीके और कलात्मकता के साथ किया गया मेकअप आपकी लुक्स को और भी निखार देता है और दिन भर आपको प्रैजैंटेबल बनाए रखने में मदद भी करता है।**

खूबसूरती देखने वाले की आंखों में होती है लेकिन खूबसूरत या प्रैजैंटेबल दिखना आपकी पर्सनैलिटी का प्लस प्वाइंट हो सकता है, बशर्ते कि आपने मेकअप सही तरीके से अप्लाई किया हो। मेकअप करने के लिए चेहरे को तैयार करना बेहद जरूरी है। चेहरे की क्लीजिंग, टोनिंग और माइश्चराइजिंग के बाद चेहरा मेकअप के लिए तैयार होता है।

याद रखें कि ज्यादा माइश्चराइजर लगाने से मेकअप कुछ देर में काला हो जाता है। प्रैक क्रीम चेहरे की कमियों को छुपा कर उसे सुंदर दिखाती है, उसके बाद फाऊंडेशन लगाएं। फाऊंडेशन आपकी स्किन टोन से मेल खाता हुआ या फिर एक टोन ऊपर होना चाहिए। फाऊंडेशन को चेहरे पर अच्छी तरह से ब्लैंड करना चाहिए। कंसीलर लगाने के बाद चेहरे की कोटिंग करें। इसके लिए शैडर का यूज करें। कोटिंग करने से नाक और चीक बोन्स उभर कर दिखती हैं और मेकअप कई गुना सुंदर हो जाता है। चेहरे के मेकअप के बाद आंखों का मेकअप करते समय हमेशा हाईलाइटर यूज करना चाहिए।

## आंखों की देखभाल



अगर आपकी आंखों के नीचे काले घेरे अधिक हैं लेकिन आप काजल भी लगाना चाहती हैं तो मायूस न हों। पहले किसी अच्छे कंसीलर का इस्तेमाल कर लें। अगर आपका रंग सांवला है तो लाल रंग के कंटैंट कंसीलर का इस्तेमाल करें। वहीं रंग गोरा है तो पीले कंटैंट वाले कंसीलर का प्रयोग करें। इससे आपके काले घेरे छुप जाएंगे। अगर आपकी आंखों पर काजल फैल जाता है लेकिन काजल लगाना आपको पसंद है तो बाजार से पाऊडर ब्लैक कलर केक का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप कुछ भी कर लें अगर आपकी आंखों पर काजल फैलने की समस्या रहती है तो सिल्वर लाइनिंग का प्रयोग कर सकती हैं। इससे यह फैलेगा नहीं, साथ ही थकी हुई बेजान आंखों में यह नई ताजगी ले आएगा।

## लिप्स की देखभाल

- लंबे समय तक लिपस्टिक की चमक बरकरार रखने के लिए लिपस्टिक लगाने के बाद टिश्यू पेपर से एक्सट्रा लिपस्टिक को निकाल दें। इससे लिपस्टिक की चमक पूरा दिन बनी रहेगी।
- डार्क कलर की लिपस्टिक लिप्स को स्माल लुक देती है। अगर आप अपने लिप्स को बड़े साइज का दिखाना चाहती हैं तो नैचुरल कलर यूज करें।
- अगर लिप्स बहुत मोटे हैं तो कंसीलर और फाऊंडेशन की मदद से उन्हें पतली शेप दें। लिप लाइनर से आऊटलाइन ड्रॉ करें और डार्क कलर की लिपस्टिक लगाएं।
- अगर लिप्स को हॉट लुक देना हो तो स्ट्राबेरी और चेरी शेड्स वाली लिपस्टिक भी लगा सकती हैं।

## पार्टी मेकअप

पार्टी की जान बनना हो या भीड़ में अलग दिखना हो, इसके लिए मेकअप भी कुछ अलग व अनोखा होना चाहिए। पार्टी चाहे कैसी भी हो, उस में ग्लैमरस दिखने के लिए मेकअप कुछ ऐसा हो जो आप को महफिल की रौनक बना दे। पार्टी में जाने का शौक तो हम सभी को होता है लेकिन कई बार हम यह सोच कर कन्फ्यूज हो जाते हैं कि किस पार्टी में कैसा मेकअप करें।

जानें कुछ टिप्स

- मेकअप में बेस में शीयर फाऊंडेशन का इस्तेमाल करें। मेकअप ऐसा हो जो शाइनिंग लुक लिए हुए तो हो ही, साथ ही ज्यादा देर तक टिका भी रहे।
- मेकअप में कुछ लोग पेल शेड्स का यूज करने लगते हैं लेकिन ये शेड्स इंडियन स्किन टोन पर सूट नहीं करते। इसलिए लाइट कलर्स से एक शेड डार्क के ऑप्शन पर जाएं। पिंकिश मॉव कलर हर स्किन टोन पर सूट करता है। अगर आप इसे आईशैडो में यूज करती हैं, तो चीक्स पर रोजी ब्लशर लगाएं और लिप्स पर रोज पिंक शेड अप्लाई करें।
- आईलाइनर का इस्तेमाल करते हुए ध्यान रखें कि अब 1960 के दशक के फैशन का चलन दोबारा लौट आया है। इसलिए आईलाइनर आंखों से थोड़ा बाहर निकला हुआ होना चाहिए।
- यदि आप पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो ड्रैस से मैच करता आईशैडो अच्छा लगता है। आईशैडो में मॉव, पिंक, लाइट ब्ल्यू और ग्रीन लाइट शेड्स यूज करें। इसमें लुक पेंटेड नहीं, बल्कि नैचुरल लगती है। आईलाइनर, मस्कारा और काजल आंखों की खूबसूरती बढ़ाता है।
- आईशैडो की आऊटर साइड पर डार्क और इनर कॉर्नर पर लाइट शेड का यूज करें। इसके साथ कलर्ड आईलाइनर का यूज कर सकती हैं। नैचुरल कलर के आईशैडो को कलर्ड आईलाइनर जैसे वॉयलैट, डार्क ब्ल्यू जैसे शेड्स के साथ लगाएं। नैचुरल ग्लो के लिए चीक्स पर लाइट शेड्स के ब्रॉन्जर का यूज कर सकती हैं।
- अगर आपको सैंसुअस दिखना है, तो साड़ी से बेहतर और कोई ड्रैस नहीं है। इसके साथ आप खूबसूरत मैचिंग ज्यूलरी जरूर कैरी करें। मैट फिनिशड गोल्ड ज्यूलरी जैसा बैटर आप्शन और कोई नहीं है।
- होंठों को उभारने के लिए लिप लाइनर, लिपस्टिक और लिप ग्लॉस लगाएं। होंठों को शाइनी लुक देने के लिए उस पर कॉपर रस्ट लिप कलर लगाएं।
- बालों को स्ट्रेट करा के खुला छोड़ दें। यह अपने आप में एक खूबसूरत व मॉडर्न लुक देता है। हेयरस्टाइल में क्रिंपिंग, रोलर व ड्रायर सैटिंग भी करवा सकती हैं। हेयर कट में लेयर्स और रेजर फैशन में हैं।

## आफिस मेकअप

आजकल दफ्तरों में भी बेहद अनौपचारिक वेशभूषा तथा वातावरण का चलन है लेकिन फिर भी दफ्तर का एक अनुशासन और प्रोटोकोल होता है। इसलिए यदि आप वर्किंग वूमन हैं तो मेकअप का सही तरीके से अप्लाई किया जाना और भी आवश्यक हो जाता है। दफ्तर में भी यदि आप भड़कीला मेकअप लगा कर चली जाएं तो आप बेहद फूहड़ दिखेंगी। वर्कप्लेस पर मेकअप आपकी पर्सनैलिटी को उभार सकता है यदि आपने इसका सही तरीके से इस्तेमाल किया हो तो।



## जानें कुछ टिप्स

- आपका मेकअप आपके कार्यस्थल के लिहाज से होना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि आप कॉर्पोरेट सैक्टर में काम कर रही हैं तो फॉर्मल लुक अपनाएं और लाइफस्टाइल प्रोफैशन के लिए सैमी-फॉर्मल लुक को चुनें। हमेशा नैचुरल लुक को ही तवज्जो दें यानी ब्राइट मेकअप की जगह लाइट मेकअप को अपनाएं।
- आफिस जाने वाली महिलाओं के पास वक्त की कमी होती है, ऐसे में केवल दो मिनट में मेकअप कर आप खूबसूरत लग सकती हैं। चेहरे पर पैनकेक, आंखों में काजल व आईलाइनर और होंठों पर लिप लाइनर व लिपस्टिक लगाने में केवल दो मिनट का समय लगता है।
- दिन के समय आप एकदम हल्का मेकअप रखें और केवल आंखों को हाईलाइट करने पर ध्यान दें। आंखों पर नैचुरल शेड की आईशैडो की परत लगाएं। इससे आपके पूरे चेहरे को चमक मिलेगी। स्किन कॉम्प्लैक्शन से मैच करते हुए ब्लैक या ब्राऊन मस्कारा चुनें। मस्कारा का सिंगल कोट काफी होगा। ढेर सारे काजल और आईलाइनर से बचें क्योंकि इससे आपकी लुक बहुत हैवी हो जाएगी।
- होठों पर डार्क कलर की लिपस्टिक लगाने से परहेज करें। लिपबाम या क्लियर ग्लॉस लगाएं। अगर आप लिपस्टिक पसंद करती हैं तो नैचुरल शेड्स ही चुनें। सैमी-फॉर्मल प्रोफैशन या ऐसे प्रोफैशन के लिए जहां आपकी पब्लिक डीलिंग हो, आप थोड़े रंगों का प्रयोग कर सकती हैं।

### ये भी जान लें

जब सोने जाएं, तो अपना सारा मेकअप उतार दें, वरना स्किन खराब होने का चांस ज्यादा होता है।

# मुल्तानी मिट्टी के असाधारण फायदे



- त्वचा के रूखेपन को दूर करने के लिए साबुन की जगह मुल्तानी मिट्टी रगड़ कर स्नान करें। त्वचा कोमल व मुलायम हो जाएगी।
- गर्मी में मुल्तानी मिट्टी मल कर स्नान करने से शीतलता मिलती है।
- गर्मी में पैरों के तलवों में मुल्तानी मिट्टी का लेप करने से ठंडक मिलती है व तलवों की जलन शांत होती है।
- मुल्तानी मिट्टी में कुछ बूंदें सिरके की डाल कर आंखों के नीचे सावधानीपूर्वक लगाएं। काले घेरे धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगे।
- तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी में खीरे का रस, दही व चुटकी भर हल्दी मिक्स करके चेहरे पर पैक की तरह लगाएं। सूखने पर धो दें। लाभ मिलेगा।
- मुल्तानी मिट्टी में संतरे का रस या टमाटर का गूदा मिक्स करके चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद धो दें। चेहरा खिल उठेगा।
- मुल्तानी मिट्टी में खीरे का रस व आलू का गूदा मिला कर आंखों के नीचे रखें। 10-15 मिनट बाद धो दें। काले घेरों से निजात मिलेगी।

# चिपोटले बीन बरीटोज



**सामग्री** - 1 टेबलस्पून कैनोला ऑयल, 1 तुर्री लहसुन अच्छी तरह पिसी हुई, 1/2 टेबलस्पून चिपोटल मिर्च पाऊडर, 1/4 टेबल स्पून नमक, 1/3 कप पानी, 1 कप आर्गैनिक ब्लैक बीन्स (रैडी टू ईट), 1 कप आर्गैनिक किडनी बीन्स (रैडी टू इर्ट), 3 टेबलस्पून फ्रैश सालसा, 6 (10 इंच की) रिड्यूस फैट टोरटिल्स (रैडीमेड चपाती), 1 कप कटा मैक्सिकन पनीर मिश्रण, 1/2 कप बारीक कटा टमाटर, 1/2 कप ताजा छोटे लेटिस लीव, 6 टेबलस्पून कटा हुआ हरा प्याज, 6 टेबलस्पून लाइट सोर क्रीम

**विधि** - 1. एक नॉनस्टिक पैन में ऑयल डालकर गर्म करें और उसमें लहसुन डालें तथा एक मिनट तक पकाएं। अब इसमें नमक और चिली पाऊडर डाल कर 3 मिनट तक लगातार हिलाती रहें। अब इसमें 1/3 कप पानी तथा बीन्स डालकर उबालें। आंच कम कर 10 मिनट तक पकने दें। आंच से हटाकर सालसा डालें तथा फोर्क से बींस के मिश्रण को अच्छी तरह मिलाएं। 2. गर्म टोरटिल्ज (पैकिंग पर लिखे अनुसार) पर लगभग 1/3 कप बींस के मिश्रण को मध्य में डालें और फैलाएं। उस पर अढ़ाई चम्मच चीज, 1/4 कप टमाटर, 1/4 कप लैटिस लीव, 1 टेबलस्पून प्याज तथा एक टेबलस्पून सोर क्रीम डालकर रोल करें। बाकी के टोरटिल्ज को भी इसी तरह तैयार करें। इन्हें आप 6 लोगों को सर्व कर सकती हैं।

## एरोमैटिक स्लो-रोस्टेड टोमैटोज



**सामग्री** - 1 टेबलस्पून चीनी, 1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल, 1/2 टेबलस्पून नमक, 1/2 टेबलस्पून सूखे तुलसी के पत्ते, 1/2 टेबलस्पून सूखे अजवायन के पत्ते, 1/4 टेबलस्पून ताजा पिसी काली मिर्च। 16 टमाटर मध्यम आकार के (बीच से लम्बाई में कटे हुए) तथा कुकिंग स्प्रे

**विधि**- 1. ओवन को 200 डिग्री पर प्री-हीट करें, 2. पहले सात इन्ग्रेडिएंट्स एक बड़े बाऊल में डालें। टमाटरों पर सारे मसाले कोट हो जाएं इसलिए उन्हें हल्के हाथ से पलटाएं। एक बेकिंग शीट पर टमाटरों को व्यवस्थित करें। कटी हुई साइड ऊपर रखें। अब कुकिंग स्प्रे करें और इसे आप ओवन में रख दें। रोस्ट होने पर इसे बाहर निकाल लें और सर्विंग डिश में सजा लें। इसे आप 8 लोगों में सर्व कर सकते हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : प्रदीप शील ● सहयोगी संपादक : रवि शंकर चौधरी ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**